जनता की आवाज, जनता का आदेश
# राष्ट्रीय जनादेश
janadesh2012@gmail.com www.rashtriyajanadesh.com
बैतूल, शनिवार 28 मार्च 2026 » वर्ष-29 » अंक-65 » आर.एन.आई.नं. 69078/98 » पृष्ठ -06 » मूल्य-2 रू.




## हर्षोल्लास से मनाई श्रीराम नवमी, रघुवंशी समाज ने निकाली शोभायात्रा



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव श्रीराम नवमी पर्व शुक्रवार को श्रद्धाभाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्रीराम नवमी की पूर्व संध्या पर गुरूवार रात को श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। शुक्रवार को श्रीराम मंदिर शेष पेज 2 पर..

# लोगों को दूषित पानी की सप्लाई कर रही नपा

- इंदौर की घटना के बाद भी नहीं लिया सबक

- गंदे-बदबूदार पानी से बीमारियों का बढ़ा खतरा
- शहरवासियों में नपा के खिलाफ पनप रहा आक्रोश



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** चंद महीने पहले ही समूचे देश की सुर्खियां बने इंदौर का दूषित पानी काण्ड में करीब तीन दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसा लगता है कि इस घटना के बाद भी बैतूल नगर पालिका ने कोई सबक नहीं लिया है। वर्तमान में नगर पालिका दूषित और बदबूदार पानी की नलों के माध्यम से सप्लाई कर रही है जिससे नगरवासियों में नपा के खिलाफ जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

### पीले रंग का आ रहा बदबूदार पानी

बैतूल शहर के कई इलाकों में शुक्रवार को गंदे और बदबूदार पानी शेष पेज 2 पर..

## कार से हो रही थी तस्करी, 2.735 किलोग्राम गांजा सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

- सोनाघाटी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान मिली कोतवाली पुलिस को सफलता



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला मुख्यालय पर सोनाघाटी क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने गांजा तस्करी कर रही एक कार को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इस कार से 2.735 किलोग्राम गांजा जब्त कर 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कार भी जब्त की शेष पेज 2 पर..

### गली-गली में बिक रहे गांजे पर कैसे लगेगी रोक?

पुलिस द्वारा समय-समय पर मुखबिर की सूचना या जांच के दौरान गांजा पकड़ने के दावें तो किए जाते हैं, लेकिन शहर की गली-गली में खुलेआम ठेलों तक पर बिक रहे गांजा पर अंकुश लगाने का कोई प्लान पुलिस के पास नजर नहीं आता। इस बारे में पुलिस को न तो कभी मुखबिर से सूचना मिलती है और न ही कभी पुलिस यहां जांच-पड़ताल की जहमत ही उठाती है। केवल गांजा ही नहीं बल्कि चर्चा तो यह भी है कि शहर में एमडी शेष पेज 2 पर..

## पुस्तक मेला लगाने में रूचि नहीं ले रहे अफसर

- 1 अप्रैल से शुरू हो जाएगा नया सत्र, अभी तक नहीं लगे मेले

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** एक अप्रैल से नया शिक्षण सत्र शुरू हो जाएगा। नई कक्षाओं की पुस्तक-कॉपियां खरीद कर ही पालक बच्चों को स्कूल भिजवाते हैं। ऐसे में यदि समय रहते पुस्तक मेले लग जाएं तो पालकों को लाभ मिल सकता है, लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी इसमें कोई रूचि ही नहीं ले रहे हैं। इसका प्रमाण यह है कि जिले में अभी तक किसी भी ब्लॉक में पुस्तक शेष पेज 2 पर..

## तोड़फोड़ छिपाने के लिए लगा रहे 5 फीट ऊंचाई तक ग्रेनाइट स्टोन

- कलेक्टर के निर्देश पर शुरू जिला अस्पताल का कायाकल्प



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिला अस्पताल भवन निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा की गई लापरवाही और बाद में की गई तोड़फोड़ को छिपाकर भवन को सुंदर बनाने जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा कायाकल्प मद से लाखों रुपए खर्च कर भवन में लगभग साढ़े चार फीट ब्लैक ग्रेनाइट लगाई जा रही है। ग्रेनाइट लगाने के बाद जिला अस्पताल भवन की पुताई भी की जाएगी। कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी द्वारा पिछले दिनों जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान भवन के सामने की दीवार पर जगह-जगह गड्ढे और तोड़फोड़ को देखकर इसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए थे। जिसके बाद जिला अस्पताल प्रबंधन द्वारा लगभग 7 साल पहले बने अस्पताल भवन में मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।

**7 साल में ही आई मरम्मत की नौबत :** जिला अस्पताल के जी-प्लस थ्री मंजिला भवन का निर्माण लगभग 7 साल पहले किया गया था। शेष पेज 2 पर..


## अवैध उत्खनन पर 2.12 करोड़ का जुर्माना प्रस्तावित

- कलेक्टर के निर्देश पर मशीन और डंपर जब्त



**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले में माफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रशासन ने आमला के ग्राम अम्बाड़ा में शेष पेज 2 पर..

### कार्टून कोना




## बीच सड़क पर खड़े बिजली पोलों से हादसों का खतरा

- 7.89 करोड़ की व्हाइट टॉपिंग रोड बनना शुरू, अभी तक नहीं हटे पोल



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। शहर के कारगिल चौक से टिकारी होकर पुराने नेशनल हाईवे तक व्हाइट टॉपिंग रोड बनना तो शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक इस सड़क के पोल शिफ्ट नहीं हो सके हैं। यही कारण है कि कई पोल बीच सड़क पर खड़े हैं। जहां पर सड़क बन गई है, वहां वाहनों की रफ्तार भी तेज हो गई है। ऐसे में बीच सड़क पर खड़े यह पोल बड़े हादसों का सबब बन सकते हैं। इस सड़क पर सर्वे में कुल 101 चिन्हित किए गए थे।**

शहर के कारगिल चौक से गाड़ाघाट टिकारी होकर पुराने नेशनल हाईवे तक कुल 2.70 किलोमीटर लंबी व्हाइट टॉपिंग सड़क का निर्माण कार्य इन दिनों चल रहा है। 10 मीटर चौड़ी यह सड़क कुल 7.89 करोड़ रुपये की राशि से बन रही है। इस सड़क का 2140 मीटर हिस्सा सीसी शेष पेज 2 पर..

- सीएमओ का औचक निरीक्षण

### नशे में धुत मिला पंप आपरेटर, सेवा से हटाया



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** अंधा पीसे और कुत्ता खाए की तर्ज पर फिल्टर प्लांट में काम कर रहे कर्मचारियों की गंभीर लापरवाही की वजह से ही शहर में गंदे और बदबूदार दूषित पानी की पेयजल सप्लाई की जा रही थी। वहीं जल शाखा प्रभारी धीरेंद्र राठौर द्वारा यह बयान दिया जा रहा शेष पेज 2 पर..

## बोवनी के दौरान ही समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदने से इंकार

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** किसानों द्वारा गेहूं कटाई के बाद तीसरी फसल के रूप में गर्मी के मौसम में मूंग का उत्पादन बड़ी मात्रा में किया जाता है। ग्रीष्मकालीन मूंग की बुवाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है। सरकार द्वारा प्रतिवर्ष समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग की भी खरीदी की जाती थी, जिससे किसानों को तीसरी फसल के भी पर्याप्त दाम मिल जाते थे। वर्तमान में ग्रीष्मकालीन मूंग की बोवनी शुरू हो गई हैं, लेकिन अधिकारियों ने अभी से समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी नहीं करने के निर्देश शेष पेज 2 पर..









# वार्डवासियों को मिलेगा आरओ का पानी

## ▪ जल तृप्ति योजना से शुरू किया आउटलेट




**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** शहर के मध्य स्थित टैगोर वार्ड के नागरिकों को अब शुद्ध और शीतल आरओ का पानी किफायती दामों में उपलब्ध हो सकेगा। वार्ड के पार्षद नितेश (पिंटू) परिहार द्वारा वार्ड में जल तृप्ति योजना के तहत एक आऊटलेट प्रारंभ करवा दिया है। जल तृप्ति योजना के तहत वार्ड में पं. दीनदयाल पार्क के बाजू में पेड़ों की छांव के नीचे मशीन लगाई गई है। इस मशीन में आप जरूरत के अनुसार 1, 5, 10 रुपए का सिक्का डालकर पानी ले सकते हैं। इसके अलावा कार्ड से भी पानी ले सकते हैं। पार्षद श्री परिहार ने बताया कि वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से आरओ आऊटलेट की मांग की जा रही थी ताकि उन्हें शुद्ध और शीतल जल मिल सके। वार्डवासियों की इसी मांग के तहत यह प्रारंभ की गई है। पार्षद श्री परिहार द्वारा वार्ड में जल तृप्ति योजना के तहत आऊट लेट प्रारंभ करवाने पर वार्डवासी राजेश चौहान, संजय शुक्ला, वीरेंद्र अग्निहोत्री सहित अन्य ने आभार माना है।

# आदिवासियों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग

## ▪ मामला खेड़ी रामोसी में सीमांकन करने गई टीम पर हमले का ▪ निष्पक्ष जांच कराने आदिवासी कांग्रेस ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। सीमांकन करने गई टीम पर हुए पथराव के बाद 32 आदिवासियों पर मामला दर्ज किए जाने के विरोध में आदिवासी कांग्रेस ने आक्रामक रूख अपनाते हुए एसपी वीरेंद्र जैन को एक ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आदिवासियों पर दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की है।**



ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 24 मार्च को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे, ग्राम कामथ निवासी संतोष पंवार सहित 10-12 लोगों ने प्रशासनिक अमले के साथ गांव पहुंचकर आदिवासी परिवारों पर हमला किया। ज्ञापन के अनुसार आरोपियों ने वृद्धों और महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की और जातिसूचक गालियां दीं। जेसीबी और वाहनों के साथ पहुंचे लोगों ने गांव में भय का माहौल बनाया तथा संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। आरोप है कि राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने पीड़ित आदिवासियों के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दी, जिससे वे न्याय के लिए भटक रहे हैं। आदिवासी कांग्रेस ने मामले को सुनियोजित बताते हुए कहा कि इससे पहले भी आदिवासी भूमि से जुड़े विवाद सामने आ चुके हैं। संगठन ने आरोप लगाया कि इस घटना में गोंड जनजाति के निर्दोष ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों के साथ मारपीट कर सामाजिक अपमान किया गया और जान से मारने की धमकियां दी गईं। ज्ञापन में मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच किसी वरिष्ठ अधिकारी या स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए। साथ ही आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाए। पीड़ित पक्ष के खिलाफ दर्ज एफआईआर को निरस्त करने, प्रभावित परिवारों को सुरक्षा देने, संपत्ति नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की भी मांग की गई है। यह ज्ञापन प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुखदेव पांसे के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि 24 मार्च को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भास्कर मगरदे, ग्राम कामथ निवासी संतोष पंवार सहित 10-12 लोगों ने प्रशासनिक अमले के साथ गांव पहुंचकर आदिवासी परिवारों पर हमला किया। आरोप है कि इस दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीणों के साथ मारपीट, जातिसूचक गालियां, अभद्रता और जान से मारने की धमकियां दी गईं, साथ ही जेसीबी के माध्यम से संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर गांव में दहशत का माहौल बनाया गया। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि राजनीतिक दबाव में पीड़ित पक्ष के खिलाफ ही झूठी एफआईआर दर्ज कर दी गई, जिससे प्रभावित परिवार न्याय के लिए भटक रहे हैं। आवेदन में गोमजी पोलजी सहित ग्राम के कई बुजुर्ग आदिवासियों के नाम दर्ज करते हुए निष्पक्ष जांच, आरोपियों पर आईपीसी और एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई, झूठी एफआईआर निरस्त करने, पीड़ितों को सुरक्षा और मुआवजा दिलाने तथा संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की गई है।

ज्ञापन देने वालों में सुखदेव पांसे, रामू टेकाम प्रदेश अध्यक्ष, आदिवासी कांग्रेस, निलय डागा जिला कांग्रेस अध्यक्ष, हेमन्त वागद्रे राष्ट्रीय समन्वयक, ओबीसी कांग्रेस, नवनीत मालवीय, हेमंत पगारिया, संजय यादव, मनोज मालवे, राहुल उइके, नितिन गाडरे, अनुराग मिश्रा, पुष्पा मर्सकोले, अरुण यादव, विजय भावसार, रानू ठाकुर, राजेश गावण्डे, किशोर परिहार, डॉ. नितिन देशमुख, डॉ. रमेश काकोड़िया, राजा सोनी, नीरज राठौर, मिथिलेश सिंह, रामचरण इरपाचे, अतुल शर्मा, मुन्नालाल वाड़िवा, सोनू, राजकुमार मर्सकोले, गोविन्द पन्द्राम, सेंटी वाघमारे, मोनू बड़ोनिया, संजय साहू, कालू आहूजा, मनीष देशमुख, मनीष नागले, रामा काकोड़िया, किशोर माथनकर सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## पेज 1 से जारी...

### हर्षोल्लास से मनाई...

में भगवान श्रीराम का जन्म उत्सव दोपहर 12 बजे मनाया गया। रघुवंशी समाज बैतूल नगर द्वारा शाम को हनुमान मंदिर थाना चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो थाना चौक से बड़ा श्रीराम मंदिर, छोटा श्रीराम मंदिर, अखाड़ा चौक हनुमान मंदिर होते हुए देर रात में वापस थाना चौक हनुमान मंदिर पहुंची। शहर के अन्य मंदिरों में भी धार्मिक आयोजन कर भंडारे किए गए। देवी मंदिरों में भंडारा आयोजित कर नवरात्रि का समापन किया गया। इस साल रसोई गैंस की किल्लत के चलते प्रतिवर्ष की तरह जगह-जगह भंडारे नजर नहीं आए। श्रीराम नवमी पर्व के पूर्व ही मंदिरों में विशेष साज-सज्जा की गई थी। शुक्रवार सुबह से भक्तों का आना शुरू हो गया। शहर के थाना रोड स्थित बड़ा श्रीराम मंदिर में सुबह से सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे श्रीरामलला का जन्म उत्सव मनाया गया। इसके बाद दिन भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। छोटा राम मंदिर में भी दोपहर 12 बजे रामलला का जन्म उत्सव मनाया गया। इसके साथ ही बीजासनी माता मंदिर गंज, शनि मंदिर, माता मंदिर गंज, दुर्गा मंदिर कोठीबाजार सहित शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों में श्रीराम नवमी पर भंडारा आयोजित किया गया। इस साल ईरान-इजरायल युद्ध के चलते रसोई गैंस की किल्लत के चलते जगह-जगह होने वाले भंडारों में कमी देखी गई। श्रीराम नवमी पर रघुवंशी समाज बैतूल द्वारा थाना चौक हनुमान मंदिर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में रथ पर राम दरबार की झांकी निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष भगवा साफा बांधकर शामिल हुए। श्रीरामनवमी की पूर्व संध्या पर गुरूवार शाम को गेंदाचौक सदर से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें भगवान श्रीराम, राम दरबार की दर्जन भर से अधिक झांकी थी। राम नवमी के साथ ही चैत्र नवरात्रि का समापन भी हो गया है।

### लोगों को दूषित...

की सप्लाई से लोगों में नाराजगी फैल गई। टैगोर वार्ड, गणेश वार्ड, आजाद वार्ड, तिलक वार्ड, कृष्णपुरा और सदर क्षेत्र के कई हिस्सों में नलों से शुरुआती पानी पीले रंग का और बदबूदार आया, जिससे लोग परेशान हो गए। स्थानीय निवासी मोहसिन पटेल के मुताबिक, नल चालू करते ही पहले गंदा और बदबूदार पानी आता है, जो कुछ देर बाद साफ होता है। उन्होंने बताया कि पानी की मात्रा तो पर्याप्त है, लेकिन बदबू की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। रहवासियों का कहना है कि ऐसे दूषित पानी के उपयोग से बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने जल्द समस्या के समाधान की मांग की है। कांग्रेस नेता आबिद आबू खान ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पानी में गोबर जैसी बदबू आ रही थी, जिससे लोग खासे परेशान हैं। खान के अनुसार, आजाद वार्ड, कृष्णपुरा, तिलक और सदर के कई इलाकों से ऐसी शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि पाइपलाइन में लीकेज या गड़बड़ी के कारण पानी दूषित हो रहा है। टैगोर वार्ड में नगर पालिका द्वारा बदबूदार पानी की सप्लाई किए जाने की वार्डवासियों ने पार्षद नितेश पिंटू परिहार से शिकायत की है। वार्डवासियों का कहना है कि करीब एक माह से दूषित पानी की सप्लाई की जा रही है जिससे बीमारी फैलने का खतरा पनपने लगा है। वार्डवासियों ने शुद्ध पेयजल की सप्लाई करने की मांग की है। एक ओर नपा बदबूदार पानी की सप्लाई कर रही है वहीं नगर पालिका के जल शाखा प्रभारी धीरेंद्र राठौर का कहना है कि उन्हें कोई शिकायत ही नहीं मिली है। शिवसेना के जिला प्रमुख विजेंद्र गोले ने शहर की पेयजल व्यवस्था को लेकर तीखा बयान जारी करते हुए नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर नगर पालिका कैनोपी लगाकर निर्मल जल के नाम पर शुद्ध पानी बेच रही है, वहीं दूसरी ओर आम जनता को गंदा और बदबूदार पानी पिलाया जा रहा है। यह स्थिति सीधे तौर पर जनता के साथ अन्याय और दोहरे मापदंड को दर्शाती है। गणेश वार्ड का मुद्दा उठाते हुए विजेंद्र गोले ने कहा कि हाल ही में यहां गंदे पानी की सप्लाई हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया के दौर में भी लोगों को साफ पानी न मिलना नगर पालिका की विफलता है और यह गंभीर चिंता का विषय है। अंत में विजेंद्र गोले ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे पूरे शहर में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### कार से हो...

गई है। पुलिस ने बताया कि 26 मार्च को पुलिस चौकी सोनाघाटी क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध सफेद रंग की शेवरलेट इंज्वाय कार (क्रमांक एमएच-05/बीजे-2967) को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक द्वारा वाहन तेज गति से भगाने का प्रयास किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे एक बैग से अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। विधिवत तलाशी एवं पंचनामा कार्यवाही के दौरान 2 किलो 735 ग्राम गांजा (कीमत लगभग 27000 रुपये) बरामद किया गया। पुलिस ने मुकेश पिता सेकलाल जावरकर उम्र 21 वर्ष और रामेश्वर पिता लालचंद विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष दोनों निवासी ग्राम कामिदा थाना झल्लार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली बैतूल में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को भी जब्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवकरण डेहरिया, उप निरीक्षक उत्तमनंदन मस्तकार, छत्रपाल धुर्वे, प्रधान आरक्षक दीवान सिंह, शिवकुमार उइके, तरुण पटेल, संध्या, आरक्षक अनिल बेलवंशी, अनिरुद्ध, नितिन की सराहनीय भूमिका रही।

### गली-गली में...

ड्रग्स तक बिक रही है, लेकिन पुलिस इन पर रोक नहीं लगा पा रही है। गांजा और एमडी ड्रग्स के नशे में ही शहर में कई अपराध तक हो रहे हैं। बेहतर होगा कि पुलिस गली-गली में बिक रहे गांजा और एमडी ड्रग्स की बिक्री पर अंकुश लगाने ठोस प्लान बनाकर कार्य करें। ऐसा करने से ही शहर में शांति आ सकेगी और शहर भी नशामुक्त हो सकेगा।

### पुस्तक मेला...

मेला नहीं लगा है। निजी स्कूलों में चलने वाली पुस्तकें बेहद महंगी होती है। पुस्तक मेला में पुस्तक-कॉपियों पर छूट देना होता है। यदि समय रहते पुस्तक मेलों का आयोजन हो जाए तो पालक इन मेलों से पुस्तकें खरीद सकते हैं, जिनसे उन्हें काफी राहत मिल सकती है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस बात के मद्देनजर 12 मार्च को ही जिले के सभी बीईओ और बीआरसीसी को 3 दिनों के भीतर पुस्तक मेला के आयोजन से संबंधित बैठक करने के आदेश दिए थे। इन बैठकों में सभी अशासकीय शालाओं के प्राचार्यों और सभी स्थानीय प्रकाशकों तथा पुस्तक विक्रेताओं को बुलाना था। बैठक लेकर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन भी देने को कहा गया था, लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सूत्रों का कहना है कि आज तक इस बारे में कहीं से भी कोई पालन प्रतिवेदन नहीं आया। इससे भी पहले सभी बीईओ और बीआरसीसी को अशासकीय शालाओं में सत्र 2026-27 हेतु प्रचलित पाठ्य पुस्तकों की जानकारी भी एकत्रित करने को कहा गया था। बताया जाता है कि यह जानकारी भी न तो डीईओ कार्यालय भेजी गई है और न ही एकत्रित की गई है। प्राचार्यों व पुस्तक विक्रेताओं की बैठक में पुस्तक मेला के आयोजन हेतु तिथि और तारीख का निर्धारण होना था। अभी तक बैठकें ही नहीं हुई तो तारीख तय होने का सवाल ही नहीं उठता। इससे साफ जाहिर है कि अधिकारियों को पालकों के हितों की कितना चिंता है। नया शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद पुस्तक मेला लगाने का कोई औचित्य ही नहीं रह जाता है, क्योंकि सत्र शुरू होने के पहले सभी पालक पुस्तकें खरीद चुके होते हैं। ऐसे में विभाग केवल रस्म अदायगी और दिखावा करने भर पुस्तक मेला लगाता है। यह केवल इस साल की कहानी नहीं है, बल्कि हर साल ऐसा ही होता है। अभिभावकों को इससे कोई फायदा नहीं मिल पाता।

### तोड़फोड़ छिपाने...

अस्पताल भवन के निर्माण में धांधली बरती गई थी। जिससे अस्पताल भवन के बाहर की दीवार कमजोर हो गई थी, वहीं कई जगह गड्ढे भी हो गए थे। अस्पताल भवन के अंदर भी कई जगह से टाइल्स निकल गई है। अस्पताल भवन का लोकार्पण 2019 में हुआ था। ठेकेदार को 5 साल तक मेंटेनेंस भी करना था। मेंटेनेंस अवधि में ही कई जगह मरम्मत की नौबत आ गई थी। इसके बावजूद ठेकेदार ने मरम्मत नहीं करवाई थी। जिला अस्पताल भवन के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ने अस्पताल भवन व्यवस्थित करने के निर्देश दिए थे। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया अस्पताल की बाहरी दीवार में कुछ जगह पानी निकालने गड्ढे करवाए गए थे। बाहर की दीवार में क्रेक भी आ रहे थे, जिससे भवन कमजोर होने की संभावना थी। वहीं अस्पताल भवन के अंदर की कई जगह टाईल्स, ग्रेनाइट निकल गए थे, जो देखने में भद्दे नजर आ रहे थे। कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के दौरान इसे व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए थे, जिसके बाद मरम्मत कार्य शुरू किया गया है। भवन की बाहरी दीवार में कई जगह जमीन लेवल से प्लास्टर निकल रहा था। वहीं गड्ढों से भी भवन भद्दा नजर आ रहा था। जिला अस्पताल भवन की लगभग 300 फीट बाहरी दीवार में जमीन लेवल से साढ़े चार फीट की ऊंचाई तक ब्लैक ग्रेनाइट लगाया जा रहा है। इसके साथ ही भवन के अंदर भी जहां टाईल्स में भी मरम्मत की जाएगी। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पुताई भी करवाई जाएगी। डॉ. घोरे ने बताया उक्त सभी कार्य कायाकल्प योजना से किए जा रहे है।

### पत्थर उत्खनन...

अवैध उत्खनन पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देश पर खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को स्टोन क्रेशर क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध उत्खनन पाए जाने पर एक क्रेशर संचालक पर 2 करोड़ 12 लाख 31 हजार रुपए का जुर्माना प्रस्तावित किया गया है। एसडीएम के नेतृत्व में टीम जब ग्राम अम्बाड़ा पहुंची, तो वहां निजी भूमि (खसरा नंबर 413/2 और 408) पर पोकलेन मशीन से बोल्डर और पत्थरों का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। मौके पर डंपर (एमपी 48 एच 0520) में पत्थर भरकर परिवहन किया जा रहा था। जब टीम ने मशीन और डंपर चालक से पूछताछ की, तो उन्होंने बताया कि यह सारा काम स्टोन क्रेशर संचालक उपेन्द्र उर्फ भूरू सूर्यवंशी द्वारा कराया जा रहा है। राजस्व और खनिज विभाग की टीम ने जब मौके पर उत्खनन क्षेत्र की माप की, तो अधिकारी भी हैरान रह गए। जांच में पाया गया कि निर्धारित क्षेत्र से करीब 14,154 घन मीटर बोल्डर/पत्थर अवैध रूप से निकाला जा चुका है। टीम ने तुरंत पोकलेन मशीन और डंपर को जब्त कर बोड़खी पुलिस चौकी (थाना आमला) की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया। कार्रवाई के दौरान टीम ने मास्टर स्टोन क्रेशर (संचालक देवधर इंगले) के पट्टे की भी जांच की। यहां भारी अनियमितताएं सामने आई। संचालक के पास ब्लास्टिंग से संबंधित कोई दस्तावेज नहीं मिले। साथ ही पर्यावरण और खनिज नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही थीं। इस मामले में भी अलग से कार्रवाई प्रस्तावित की गई है।

### बोवनी के...

जारी कर दिए है। गुरूवार को मुख्य सचिव अनुराम जैन की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने सभी कलेक्टरों को इस साल समर्थन मूल्य पर मूंग नहीं खरीदने के निर्देश दिए है जिससे मूंग उत्पादक किसानों में मायूसी है। जिले में गीष्मकालीन मूंग का रकबा प्रतिवर्ष बढ़ रहा है। जिन किसानों के पास सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी है वे गेहूं की कटाई के बाद मार्च-अप्रैल माह में मूंग की बोवनी कर देते हैं। जून माह में मूंग की फसल पक्कर तैयार हो जाती है। अभी तक सरकार प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग की खरीदी समर्थन मूल्य पर करती थी। जानकारों का मानना है कि ग्रीष्मकालीन मूंग में कई प्रकार की रासायनिक दवाओं का छिड़काव किया जाता हैं वहीं मानसून की आमद को देखते हुए मूंग सूखाने भी रासायनिक स्प्रे किया जाता है जिससे मूंग की गुणवत्ता प्रभावित होती है। संभवतः इसी के चलते सरकार द्वारा मूंग बोवनी के समय ही समर्थन मूल्य पर मूंग नहीं खरीदने के निर्देश दिए है। जिससे ग्रीष्मकालीन मूंग का उत्पादन करने वाले किसान मायूस नजर आ रहे है।

### बीच सड़क पर...

रोड बनेगा वहीं 500 मीटर का हिस्सा डामर से बनाया जाएगा। इस सड़क के निर्माण के लिए नवंबर माह में भूमिपूजन हुआ था। उसके कुछ समय बाद ही ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। सड़क निर्माण का कार्य पुराने नेशनल हाईवे की ओर से शुरू किया गया था। टिकारी क्षेत्र में सड़क का काफी हिस्सा बन गया है। सड़कों का निर्माण कराने से पहले नियमानुसार पोल और अतिक्रमण आदि हटा लिए जाते हैं और ठेकेदार को पूरी जगह उपलब्ध कराना होता है, लेकिन यहां विभाग द्वारा न तो पूरी तरह से अतिक्रमण हटाया है और न ही बिजली के पोल ही हटाए गए हैं। इस सड़क का जब सर्वे किया गया था, उसमें कुल 101 पोल चिन्हित किए गए थे, जिन्हें कि शिफ्ट करना है, लेकिन अभी तक यह शिफ्ट नहीं किए गए हैं और सड़क पर ही स्थित हैं। इधर जिस हिस्से में सड़क बन चुकी है, वहां पर वाहन बेहद तेज रफ्तार से चल रहे हैं। वैसे भी अधिकांश वाहन पुराने हाईवे से चल कर इस सड़क पर आते हैं, जिससे उनकी रफ्तार बेहद तेज होती है। दूसरी ओर सड़क पर स्थित कुछ पोल तो सड़क के बेहद भीतर आ गए हैं। ऐसे में रात में तेज रफ्तार होने पर यह पोल नजर ही नहीं आते। इससे यह बीच सड़क पर खड़े पोल बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं। विभागीय सूत्रों का कहना है कि पोल शिफ्ट करने के लिए टेंडर भी हो चुके हैं। पोल शिफ्टिंग के इस कार्य के लिए करीब एक करोड़ रुपये खर्च होना है। टेंडर बुलाने पर ठेकेदार द्वारा 80 लाख रुपये में यह काम लिया गया है। बताते हैं कि टेंडर हुए काफी समय हो गया है, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक यह कार्य शुरू नहीं कराया गया है। गौरतलब है कि इस सड़क पर स्थित लिंक रोड क्षेत्र में कई अस्पताल, मैरिज लॉन और एक निजी स्कूल स्थित हैं। इससे रोजाना बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही इस रोड से होती है। इसके चलते रोजाना इस रोड पर जाम लगने की समस्या उत्पन्न होती है। यह 10 मीटर चौड़ी सड़क बनने से जाम लगने की समस्या से मुक्ति मिल जाएगी। इसके अलावा पुराने नेशनल हाईवे पर जाकर भोपाल की ओर निकलने में भी खासी आसानी होगी।

### नशे में धुत...

था कि शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी। दूषित पानी की वजह से नपा के खिलाफ शहरवासियों का आक्रोश दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इस मामले में नवागत सीएमओ नवनीत पांडे ने शुक्रवार शाम को जब फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया तो पूरी पोल ही खुल गई। दरअसल यहीं से दूषित पानी की सप्लाई की जा रही थी। सीएमओ श्री पांडे ने नशे में धुत्त पंप आपरेटर को नौकरी से हटाने और फिल्टर प्लांट प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सीएमओ की इस कार्यवाही से कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है। गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत पर शुक्रवार 27 मार्च को नगर पालिका परिषद बैतूल के नवागत सीएमओ नवनीत पांडेय ने बड़ी कार्रवाई की। उन्होंने शाम करीब 6 बजे फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सप्लाई किए जा रहे पानी का रंग मटमैला पाया गया और पानी से हल्की बदबू भी आ रही थी, जिससे लापरवाही की पुष्टि हुई। निरीक्षण के समय फिल्टर प्लांट पर कार्य करने वाले कर्मचारियों की स्थिति भी गंभीर लापरवाही वाली मिली। पंपचालक (विनियमित) राजू पिंजारें ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए और बाद में वे शराब के नशे की हालत में उपस्थित हुए। इस पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने उन्हें तत्काल प्रभाव से सेवा से पृथक कर दिया। साथ ही फिल्टर प्लांट प्रभारी भवेन्द्र मालवी को कारण बताओ सूचना जारी किया गया है। उन्हें सख्त हिदायत दी गई है कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो, अन्यथा एकपक्षीय कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के बाद सीएमओ ने फिल्टर प्लांट की व्यवस्था सुधारने के निर्देश भी दिए हैं।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, अंकित बारस्कर, पिता सीताराम बारस्कर, निवासी बासनेर कला, पोस्ट ऑफिस- बासनेर कला तहसील भैंसदेही, जिला - बैतूल, मध्य प्रदेश - 460225, यह घोषणा करता हूँ कि मेरे 10 वीं, 12 वीं, यूजी तथा पीजी स्नातक अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश केवल अंकित बारस्कर पिता सीताराम अंकित हो गया है, जबकि मेरा सही नाम अंकित बारस्कर पिता सीताराम बारस्कर है।

अतः मैं दिनांक 27/03/2026 को इस नाम सुधार हेतु शपथपत्र (एफिडेविट) प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ। कृपया संबंधित अभिलेखों में आवश्यक संशोधन करने की कृपा करें।

**- मोबाइल नंबर- 7772888106**

## प्लाट बेचना है

प्राईम लोकेशन में स्थित बैतूल गौठाना में, बैतूल टाऊन फेस 1 में मेन रोड टच 25×50 = 1250 वर्गफुट का प्लाट बेचना है 3103

संपर्क करे : 9424042239

## प्लाट बेचना है

पुरानी बैतूलबाजार रोड पर, ब्रम्हकुमारी आश्रम के सामने स्थित सतपुड़ा विहार कालोनी में हुंडई वर्कशॉप के सामने स्थित पूर्व मुखी और पश्चिम मुखी 1200-1200 वर्गफीट साइज के 2 प्लाट बेचना है। 0504

:: संपर्क करे :: 9425693399

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुजबा, ज.पं. आमला

क्र./ग्रा.पंचा./निविदा 2026-27 — **निविदा** — दिनांक : 28/03/2026

वित्तीय वर्ष 2026-27 में विभिन्न योजना के निर्माण कार्य हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता होगी। जिसकी लागत से कम से कम 25000/- से ज्यादा होगी। जिसके लिए दिनांक 28/03/2026 से 15/04/2026 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 15/04/2026 को दोपहर 2 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदाकर्ता के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. | सामग्री का नाम | साईज / प्रकार / विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | पोर्टलैंड सीमेंट |
| 2 | रेत | प्रति घनमीटर |
| 3 | गिट्टी | 20 MM, 40 MM, घनमीटर |
| 4 | परिवहन हेतु ट्रेक्टर, पानी टेंकर | प्रतिदिन के हिसाब से |
| 5 | सेंट्रिंग कुंआ एवं भवन हेतु, सीसी रोड | प्रति वर्ग मीटर |
| 6 | ईट / फाड़ी | प्रति सैंकड़ा, प्रति हजार |
| 7 | स्टेशनरी / फोटो कॉपी / लेखन सामग्री | प्रति नग |
| 8 | नल जल योजना सामग्री / विद्युत सामग्री | प्रति नग |
| 9 | दरवाजे / खिड़की / वेंटीलेशन | समस्त साइज के प्रति नग |
| 10 | शौचालय सामग्री समस्त | प्रति नग |
| 11 | मुरम / बोल्डर / काली मिट्टी | प्रति ट्राली |
| 12 | मिक्सर मशीन / वाइब्रेटर / रोलर | प्रति दिन के हिसाब से |
| 13 | लोहा / सरिया / जाली | 6, 8, 10, 12, 16 एमएम |
| 14 | मोटर पंप / पाईप / नल-जल मोटर पंप संधारण | प्रति नग प्रति फुट |
| 15 | वॉटर शेड मिशन हेतु सामग्री | |

निविदा की विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**राजेश (बबलू) चढ़ोकार**, सरपंच, ग्राम पंचायत कुजबा — **शैलेन्द्र सोनी**, सचिव, ग्राम पंचायत कुजबा

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण (सामान्य) वनमण्डल बैतूल (म.प्र.)

पता - कालेज रोड, गांधीनगर वार्ड, बैतूल, जिला बैतूल (म.प्र.) पिन : 460001

E-Mail: dfotsbetul@mp.gov.in — Ph. & Fax No. 07141-234266

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या/1782/ई-टेण्डरिंग/2025-26 — बैतूल, दिनांक 25/03/2026

खण्ड-1

**ई-निविदा सूचना आमंत्रण सूचना**

**मध्यप्रदेश शासन**

1. वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित–2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | सत्यांकर निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल अंतर्गत मुलताई परिक्षेत्र में नगर वाटिका में बोरबेल खनन् कार्य मय मोटर सहित (निर्धारित प्राक्लन अनुसार) | 10000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है। निविदा संबंधी सामान्य जानकारी वन विभाग की वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का आनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 28 मार्च 2026 दोपहर 2:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।

| क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 30/03/2026 | निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर दर्शित हैं। |
| 02 | Document Download / Sale Start Date | 30/03/2026 | |
| 03 | Bid Submission Start Date | 31/03/2026 | |
| 04 | Bid Submission Closing Date | 08/04/2026 | |
| 05 | Bid Opening Date | 09/04/2026 | |

4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नही।
5. यदि निविदा खुलने की दिनांक को अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा खोली नहीं जा सकती है तो निविदाएं आगामी कार्य दिवस पर जावेगी।
6. प्रकिया-1 निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/- (पांच हजार रूपये) है इसे ऑनलाईन जमा किया जाना है। जमा की रसीद को निविदा के साथ अपलोड करना है।
7. प्रकिया-2 तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया-1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा देखी जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग-2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित अपलोड किये गये दस्तावेज देखा जावेगा।
8. प्रकिया-3 तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया-2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को एक्सेल शीट में ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाना होगा।
9. प्रकिया-4 वित्तीय निविदा ओपन किये जाने पश्चात एवं रु-1 निविदाकार को सामग्री प्रदाय हेतु चयनित किया जावेगा।
10. ई-खरीद पोर्टल :- https://www.mptenders.gov.in

G-27904/25 — **पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार** — वनमंडलाधिकारी, दक्षिण बैतूल (सा.) वनमंडल

MIN/2/0021/2026-O/o MRD-COLL-BTL — I/893191/2026

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला बैतूल (म.प्र.)

Office Email: modgmbet@mp.gov.in Ph.: 07141-230542

क्रमांक /खनिज-1/2026/ — बैतूल दिनांक .03.2026

**सूचना**

**(म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 -क)**

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक जितेन्द्र सोनारे पिता मारोतीराव सोनारे भवानी चौक, घोड़ाडोंगरी तहसील घोड़ाडोंगरी जिला बैतूल द्वारा जिला बैतूल में निम्नांकित भूमि क्षेत्र पर 10 वर्ष हेतु खनिज पत्थर उत्खनि पट्टा स्वीकृति किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन कर आवेदन पत्र दिनांक 17.03.2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| क्र. | तहसील | ग्राम | खसरा क्रमांक | रकबा (हेक्टेयर) | में से रकबा | भूमि स्वामी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | घोडाडोंगरी | सडकवाड़ा | 112/2(S) | 1.435 हे. | 1.086 हे. | प्रेमलाल बटके पिता जबरसिंह बटके एवं छून्नूलाल पुत्र सोनू से सहमति प्राप्त । |
| 2. | | | 112/1/2/2(S) | 0.370 हे. | 0.270 हे. | |
| | | | 112/1/2(S) | 0.484 हे. | 0.484 हे. | |
| | | | योग | 2.289 हे. | 1.840 हे. | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा) जिला बैतूल में आपत्ति का लेख/ कारण दर्शाते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।

नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

G-27898/25 — **सायबर क्राइम सुरक्षा हेल्पलाइन नं. - 1930** — उप संचालक (ख.प्र.), जिला बैतूल (म.प्र.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मयूर भार्गव द्वारा मुद्रक डीबी कॉर्प लिमि. फौजदार गैरेज, पवारखेड़ा इटारसी रोड, होशंगाबाद से मुद्रित और प्रधान कार्यालय सिविल लाइन, बैतूल से प्रकाशित। संपादक-मयूर भार्गव। समस्त दीवानी, फौजदारी एवं न्यायिक कार्यवाही के लिए क्षेत्राधिकारी बैतूल न्यायालय ही होगा। प्रधान कार्यालय-917141355484

# बुंदेली गायिका कविता शर्मा ने बांधा समा

■ सुमधुर भजनों की प्रस्तुति पर झूमे श्रद्धालु ■ शत चंडी महायज्ञ का हुआ विशाल भंडारा ■ 20 हजार लोगों ने ग्रहण की भंडारा प्रसादी

**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार के गृह ग्राम जौलखेड़ा में चैत्र के नवरात्र से आयोजित शत चंडी महायज्ञ में प्रतिदिन हो रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में गुरुवार रात्रि बुंदेलखंड की प्रख्यात भजन गायिका कवित: शर्मा ने सुमधुर प्रस्तुति दी जिससे उपस्थित श्रोता झूमने एवं थिरकने को मजबूर हो गए। जौलखेड़ा सहित आसपास के गांवों से हजारों श्रोता कार्यक्रम देखने पहुंचे तथा देर रात तक भजनों का आनंद उठाया।**







## विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन

जिला पंचायत राजा पंवार द्वारा सभी का आभार जताते हुए कहा गया कि उदासीन आश्रम श्री राधा कृष्ण मठ मंदिर के महंत धर्म प्रकाश महाराज द्वारा विशाल आयोजन संपन्न कराया गया है जिससे जौलखेड़ा सहित पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है। उन्होने बताया कि लंबे समय से इतना विशाल एवं भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र में नहीं हुआ है जो महंत महाराज की इच्छा शक्ति तथा सभी के सहयोग से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि पूरे आयोजन में युवाओं की बढ़ती संख्या देखकर ऐसा लग रहा है कि धर्म के प्रति युवाओं का भी रूझान बढ़ा है जो निसंदेह सुखद है। कार्यक्रम के दौरान मंच पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, बाहर से जौलखेड़ा पहुंचे साधू संतों सहित मुलताई के सेवाभावी गतिविधियों में अव्वल योगेश अग्रवाल, नरेन्द्र गिरी गोस्वामी, पत्रकार अक्षय सोनी तथा चंदू देशमुख सहित अन्य सेवाभावी लोगों का महंत धर्मप्रकाश महाराज द्वारा सम्मान किया गया।

## गायिका कविता शर्मा ने बटोरी वाहवाही

छतरपुर जिले की बुंदेली गायिका कविता शर्मा एवं उनकी संगीत टीम द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई जिससे उन्होने उपस्थित श्रोताओं की जमकर वाहवाही बटोरी। आगड़ दम बागड़ दम, अंगना पधारो महारानी मां कालका भवानी, कालों की काल महाकाली माई कलकत्ता वाली एवं करके इशारे बुलाए गई रे बरसाने की छोरी सहित अन्य सुमधुर भजनों पर श्रोता झूम उठे तथा सभी भजनों पर जमकर थिरके। गायिका कविता शर्मा ने बताया कि जौलखेड़ा मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर उन्हे अत्यंत सुखद अनुभूति हुई है। उन्होने बताया कि इस क्षेत्र के श्रोता संगीत के रसिक हैं जिससे उनके साथ श्रोताओं ने भी सभी भजनों के गायन में उनका साथ दिया। उन्होने बताया कि जौलखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में मिले श्रोताओं के स्नेह से वे अभिभूत हैं। उन्होने महंत धर्मप्रकाश का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हे इतने विशाल कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का अवसर मिला।

## हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी

जौलखेड़ा में आयोजित शत चंडी महायज्ञ में शुक्रवार विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें जौलखेड़ा, मुलताई सहित आसपास के बड़ी संख्या में गांवों से ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार ने बताया कि गुरूवार रात से ही भंडारा प्रसादी बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। उन्होने बताया कि शत चंडी महायज्ञ की लंबे समय से तैयारियां चल रही थी जो चैत्र के नवरात्र में मूर्त रूप में सामने आई। उन्होने बताया कि नवरात्र में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु जौलखेड़ा महायज्ञ में पहुंचे तथा प्रतिदिन रात में भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुए। उन्होने बताया कि क्षेत्र में गेंहू की कटनी चलने के बावजूद ग्रामीण रात में महायज्ञ में पहुंचे जो धर्म के प्रति उनकी आस्था का प्रतिक है।

## खबर एक नजर

### जिले के चार केंद्रों पर स्वर्णप्राशन आज

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। आयुष विभाग द्वारा शनिवार 28 मार्च को जिले में स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी, जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में आयोजित होगा। जिला आयुष अधिकारी एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ. योगेश चौकीकर के मार्गदर्शन में प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्णप्राशन कराया जाता है। आयुर्वेद के अनुसार यह मेध्य औषधियों से तैयार किया जाता है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ उनके शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक माना गया है। आयुष विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को नजदीकी केंद्र पर लाकर स्वर्णप्राशन का लाभ दिलाएं। इसे आयुर्वेद में बच्चों के लिए अमृततुल्य बताया गया है।*

### स्वच्छता अभियान का दिखाई दे रहा नगर में असर

*बैतूलबाजार (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर परिषद में नए सीएमओ द्वारा प्रभार संभालने के बाद शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। अब प्रतिदिन सुबह 7 बजे से सीएमओ जीआर देखमुख स्वयं शहर के विभिन्न वार्डों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। निरीक्षण के दौरान गंदगी और कचरे की सफाई पर ध्यान दिया जा रहा है, नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को भी प्राथमिकता दी जा रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे समस्याओं का त्वरित समाधान हो सके। सीएमओ की इस सक्रियता का असर अब शहर में साफ नजर आने लगा है। वार्डों में नियमित सफाई होने से गंदगी में कमी आई है और नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। नगर परिषद की इस पहल से शहर की स्वच्छता में तेजी से सुधार हो रहा है, जिससे आमजन में भी संतोष का माहौल है।*

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। बैतूल कोतवाली पुलिस ने बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली बैतूल में 26 मार्च को एक फरियादिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी सुमित उर्फ भूरा नरवरे पिता सोनू नरवरे, उम्र 18 वर्ष 4 माह, निवासी गणेश मंदिर के पास सदर बैतूल द्वारा उसके साथ दुष्कर्म किया गया है। रिपोर्ट पर धारा 332(2), 64(1), 351(2) बीएनएस एवं धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमित उर्फ भूरा नरवरे को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।*

### देवी जागरण एवं भंडारा आज

*चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)। नवरात्रि-रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में नगर के गायत्री मोहल्ला स्थित बीजासन मंदिर में 28 मार्च शनिवार को शाम 7 बजे से कालका समिति जबलपुर एवं होशंगाबाद की भजन गायिकाओं द्वारा देवी जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसी अवसर पर रात्रि 8 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन भी गायत्री मोहल्ला समिति एवं श्रद्धालुओं द्वारा किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने नगर के सभी श्रद्धालुओं से देवी जागरण में पहुंचकर माता रानी के भाव विभोर कर देने वाले भजनों का लाभ लेने एवं नवरात्रि पर्व पर विशाल भंडारे में पहुंचकर प्रसादी ग्रहण करने का अनुरोध किया है।*

### राधा कृष्ण मंदिर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। रामनवमी का पर्व जिले भर में शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी तारतम्य में बैतूल शहर के गंज क्षेत्र में स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में रामनवमी के उपलक्ष्य में सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके अलावा आज यहां आकर्षण का मुख्य केंद्र राधा-कृष्ण की मूर्तियों का राम स्वरूप में किया गया श्रृंगार था। उनके राम स्वरूप में दर्शन करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुंदरकांड में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पुण्य लाभ प्राप्त किया। पूरे नवरात्र भर भी यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान के दर्शन एवं पूजा-अर्चन की।*

# नवोदय में चयन होने पर नित्या और राशि का किया सम्मान

■ जिस स्कूल में ग्रहण की शिक्षा वहीं पर बनी मुख्य अतिथि

**आमला (राष्ट्रीय जनादेश)।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2026 में सफलता का परचम लहराने वाली ग्राम कलमेश्वरा की दो छात्राओं, नित्या और राशि का उनके ही स्कूल में भव्य सम्मान किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला कलमेश्वरा में आयोजित इस सम्मान समारोह की खास बात यह रही कि विद्यालय छात्राओं को ही कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया गया था। अपनी ही शाला में अतिथि के रूप में पाकर छात्राएं और उनके अभिभावक भावुक नजर आए।



## दोनों छात्राओं का किया सम्मान

बीते दिनों घोषित हुए नवोदय प्रवेश परीक्षा के परिणाम में आमला ब्लॉक से बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसमें ग्राम कलमेश्वरा की राशि नागले और नित्या धुर्वे ने भी सफलता प्राप्त कर गांव का नाम रोशन किया है। गुरुवार को स्कूल, ग्राम पंचायत और सेवादल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दोनों छात्राओं को स्मृति चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

## गांव की बेटियां ले प्रेरणा: सरपंच

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत सरपंच सुनीता उइके ने कहा कि नित्या और राशि की उपलब्धि पूरे गांव के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अन्य बच्चों से आह्वान किया कि वे दोनों से प्रेरणा लें, खूब मन लगाकर पढ़ें और गांव का नाम रोशन करें। जनशिक्षक ओमप्रकाश साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नवोदय की परीक्षा कठिन जरूर है, लेकिन कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन से सफलता हासिल की जा सकती है।

## सेवादल ने बांटी मिठाई

सेवादल के विधानसभा प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने दोनों छात्राओं को उपहार भेंट किए और स्कूल के सभी बच्चों को मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि ब्लॉक के अधिक से अधिक बच्चे इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हों और सफल हों। उन्होंने बच्चों की नियमित उपस्थिति पर भी जोर दिया। समारोह के दौरान स्कूल की प्रधानपाठक संगीता धुर्वे ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला कलमेश्वरा की कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा है। उत्तीर्ण होने वाले सभी विद्यार्थियों को स्कूल की ओर से पानी की बोतल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।

## ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदीप कारे और जितेंद्र शर्मा ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक संगीता धुर्वे ने किया। इस अवसर पर जनशिक्षक नरेश प्रधान, शिक्षक संजय डेहरिया, आर.सी. पाहड़े, जगदीश माथनकर, देवानंद अम्बुलकर, संतलाल पंडोले, दिनेश बिसन्दे, अंतराम जोंजरे, उपसरपंच नारायण यदुवंशी, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुनील सरयाम, सुखलाल भोपाकर, बद्री यादव, रूपेश उइके, उमाशंकर यादव, अनिल मोहबे, लक्खू मोहबे, संजू परते, शिवकली परते, पवन यादव, रूपेश यादव और शांति बिसन्दे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

# क्लीनिक सील कर झोलाछाप पर दर्ज किया प्रकरण

■ बिना डिग्री के किया जा रही थी ऐलोपेथिक चिकित्सा

*मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)। झोलाछापों पर स्वास्थ्य विभाग ने शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया है। बीएमओ सहित स्वास्थ्य टीम ने जांच कर बंद कराया था क्लीनिक मुलताई। बिना डिग्र ऐलोपेथिक चिकित्सा करने वाले साईंखेड़ा के एक क्लीनिक संचालक पर बीएमओ की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पूर्व में मुलताई बीएमओ गजेन्द्र मीणा सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शिकायत पर जांच की गई थी जहां ऐलोपेथिक डिग्री नही होने के बावजूद उपचार कर रहे करण कुमार का क्लीनिक सील किया गया था।*

## किया जा रहा था ऐलोपैथिक उपचार

*बताया जा रहा है कि इसके बावजूद संचालक द्वारा मरीजों का ऐलोपेथिक उपचार किया जा रहा था जिसके खिलाफ बीएमओ द्वारा शिकायत करने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया गया। बीएमओ गजेन्द्र मीणा ने बताया कि विगत 29 दिसंबर 2025 को साईंखेड़ा स्थित गव्हाड़े हेल्थ केयर क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई के दौरान क्लीनिक संचालक करण कुमार गव्हाड़े मरीजों का ऐलोपेथिक उपचार करता पाया गया था। इसके साथ ही क्लीनिक में बड़ी संख्या में ऐलोपेथिक दवाईयां भी मिली थी।*

## क्लीनिक किया सील

*जब संचालक से ऐलोपेथिक उपचार की डिग्री मांगी गई तो उसके द्वारा एक प्रमाण पत्र अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्व विद्यालय भोपाल का दिया गया था। संचालक के पास ऐलापेथिक उपचार करने के कोई वैद्यानिक दस्तावेज नही मिले। इससे स्पष्ट हुआ कि संचालक द्वारा बिना डिग्री के ऐलोपेथिक उपचार कर मरीजों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य टीम द्वारा क्लीनिक सील कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था जिसके बाद थाने में शिकायत की।*

# एमपी हॉकी संघ का दिल्ली में हुआ सम्मान

■ सर्वश्रेष्ठ संघ चुने जाने पर 10 लाख की मिली राशि

■ जिला हॉकी संघ ने दी बधाई, खिलाड़ियों में उत्साह

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** नई दिल्ली में आयोजित हॉकी इंडिया के कार्यक्रम में हॉकी मध्य प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ संघ के रूप में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हॉकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोकबहादुर को सम्मानित करते हुए विभिन्न आयोजनों और सहभागिता के लिए 10 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ और कोषाध्यक्ष जे कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।




## 12 मेडल किए थे अपने नाम

ज्ञात हो कि हॉकी मध्य प्रदेश ने गत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 12 मेडल अपने नाम किए थे, जिसके आधार पर संघ को यह सम्मान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि से प्रदेश के खिलाड़ियों और खेल संगठनों में उत्साह का माहौल है। जिला हॉकी संघ बैतूल ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए हॉकी मध्य प्रदेश के जनरल सेक्रेटरी लोकबहादुर को कुशल नेतृत्व के लिए बधाई दी है।

## इन्होंने दी बधाई

बधाई देने वालों में हॉकी संघ बैतूल के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, प्रदीप खंडेलवाल, रमेश भाटिया, जिला खेल अधिकारी पूजा कुरील, विभाषवर्धन पांडे, देवेन्द्र पाटिल, सुधीर जैन, शैलेष गुबरेले, धर्मेन्द्र गोठी, मुकेश वर्मा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ी शामिल रहे। इस सम्मान को प्रदेश में हॉकी के बढ़ते स्तर और संगठित प्रयासों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# अवैध सागौन कटाई का तूल पकड़ रहा मामला

■ सांवलीगढ़ रेंज में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम को मिला ठूंठ

*बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)। पश्चिम बैतूल वनमंडल की सांवलीगढ़ रेंज में सागौन के पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायत पर राज्य स्तरीय उड़नदस्ता दल ने जांच की। कार्यपत्र क्रमांक 7/1015 दिनांक 16 मार्च 2026 के संदर्भ में टीम ने बीट धौल के कक्ष क्रमांक आर.एफ. 1416 का निरीक्षण किया। जांच दल में अमित साहू, शैलेष वर्मा, वीरेन्द्र सिंह चौहान और महेन्द्र बाथम शामिल रहे। टीम ने शिकायतकर्ता से संपर्क किया, लेकिन दोनों ने लिखित शिकायत से इनकार करते हुए केवल सूचना देने की बात कही और जांच में शामिल नहीं हुए। मौके पर वन परिक्षेत्र अधिकारी भीमा मंडलोई, परिक्षेत्र सहायक लवी जेस्मीन उईके, बीट प्रभारी ओम प्रकाश पाल सहित अन्य वन अमला उपस्थित रहा। ग्राम वन समिति के प्रतिनिधि भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान कक्ष क्रमांक आर.एफ. 1416 में एक सागौन का ठूंठ अवैध रूप से कटा हुआ पाया गया। ठूंठ की गोलाई 48 सेमी और ऊंचाई 70 सेमी दर्ज की गई। इस पर वार्षिक ठूंठ क्रमांक 32 अंकित कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 38/75 दिनांक 16 मार्च 2026 को दर्ज किया गया। वन विभाग के अनुसार इस अवैध कटाई से लगभग 1339 रुपये की क्षति आंकी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।*

# अंग्रेजी साक्षरता पुरस्कार से सम्मानित हुए विनोद सिंह ठाकुर

■ जिला शिक्षा केंद्र में उत्कृष्ट शिक्षकों को किया गया सम्मानित




**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** जनपद शिक्षा केंद्र बैतूल में जिला शिक्षा केंद्र और निहार शांति पाठशाला (लीफ फार वर्ड) टीम द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सहायक शिक्षक विनोद सिंह ठाकुर का चयन और सम्मान रहा, जिन्हें प्राथमिक शाला बड़गांव में उनके अंग्रेजी साक्षरता कार्यक्रम में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम जिला शिक्षा केंद्र, बैतूल में आयोजित किया गया, जहां सम्मानित अंग्रेजी लिटरेसी प्रोग्राम के तहत विनोद सिंह ठाकुर को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। यह पहल छात्रों में अंग्रेजी भाषा की साक्षरता बढ़ाने के लिए चलाई जा रही है, जिसमें श्री ठाकुर का कार्य सराहनीय रहा। समारोह में जिले के डीसी, एसीपी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। सम्मान प्राप्त करने के बाद विनोद सिंह ठाकुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों को प्रोत्साहन और सम्मान देने के इस कदम से शिक्षा क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने जिला शिक्षा केंद्र, निहार शांति पाठशाला टीम और उपस्थित सभी अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए शिक्षकों के लिए निरंतर मार्गदर्शन की अपील की। ठाकुर ने अन्य शिक्षकों को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यह समारोह जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जो शिक्षकों के योगदान को मान्यता देता है।

# स्पार्किंग से 50 एकड़ में लगी गेहूं की फसल खाक

■ आग की भेंट चढ़ गया किसान का एक मकान

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत फोफल्या अंतर्गत ग्राम सांगवानी में शुक्रवार दोपहर एक बड़ी आगजनी की घटना सामने आई। बिजली की चिंगारी से खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। आग की चपेट में लगभग 50 एकड़ गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के एक मकान भी आग की भेंट चढ़ गया।**



## तेज हवाओं ने बढ़ाई आग

घटना के समय तेज हवा चल रही थी, जिसके कारण आग तेजी से फैलती चली गई और आसपास के कई खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर-दूर तक धुआं दिखाई दे रहा था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। किसानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला और उनकी मेहनत कुछ ही देर में राख में तब्दील हो गई।

## मशक्कत के बाद पाया काबू

ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था। इस घटना से प्रभावित किसानों को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें हुए नुकसान से राहत मिल सके। वहीं, प्रशासन से आगजनी की घटना की जांच कर उचित सहायता देने की अपेक्षा जताई जा रही है।

## दमकल समय से नहीं पहुंचने का आरोप

जनपद अध्यक्ष शिव शंकर मवासे के मुताबिक उनके गांव की गेहूं की फसल में आग लगने से लाखो का नुकसान हुआ है। किसान पिछले 4 महीने से दिनरात एक करके फसल तैयार किए थे। आग लगने से उनकी कड़ी मेहनत जलकर राख हो गई। किसानों ने आरोप लगाया कि दमकल नहीं पहुंची जिससे आग पर जल्दी काबू नहीं पाया जा सका। वही जिम्मेदार अधिकारी भी घटना स्थल पर नहीं पहुंचे।

## शार्ट-सर्किट से आग लगने की आशंका

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन बिजली के तारों में स्पार्किंग से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि आग लगने के बावजूद बिजली सप्लाई बंद नहीं की गई, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। वही शाहपुर तहसीलदार टी विस्के का कहना हैं कि ग्राम सिलपटी में भी आज गेहूं के खेत में आग लग गई थी। मैं वही गया था। सांगवानी गांव में पटवारी को भेजा गया हैं।

# बीजासनी मंदिर में विधिविधान से हुआ दुर्गा सप्तशती हवन



- नवमी पर हुआ विशाल भंडारा, श्रद्धालुओं ने ग्रहण की प्रसादी
- 28 मार्च शनिवार को खेड़ी ताप्ती घाट पर होगा घट विसर्जन



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। नगर के गंज स्थित बीजासनी मंदिर में चैत्र नवरात्र उत्सव अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार अष्टमी के दिन दुर्गासप्तशती का हवन अत्यंत विधिविधान एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। शुक्रवार दिनांक 27 मार्च को दोपहर 12 बजे से भंडारा प्रारंभ हुआ जिसमें लगभग 7 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण की।**

### प्रसादी लेने के बाद छोड़ा व्रत

वर्षों से अनेक श्रद्धालु इस भंडारे के प्रसाद से अपना व्रत छोड़ते है तथा यहां का भंडारा अपने विशेष स्वाद के कारण पूरे जिले में प्रसिद्ध है जिसका मुख्य कारण माताओं तथा शक्तियों का यहां साक्षात वास बताया जाता है , यही कारण है कि इसे एक सिद्धपीठ की मान्यता दी जाती है। शनिवार दिनांक 28 मार्च दशमी के दिन घट विसर्जन खेड़ी ताप्ती घाट पर किया जायेगा।। मंदिर संस्थापक एवं समिति अध्यक्ष पंडित दीपक शर्मा ने समिति की ओर से समस्त धर्मप्रेमियों एवं श्रद्धालुओं का इस आयोजन को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया है।

# बेकाबू ट्रक ने कार-बाइक को क्षतिग्रस्त कर जेसीबी को घसीटा

- जेसीबी को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित हो गया था तेज रफ्तार ट्रक





**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** अंधी रफ्तार से दौड़ रहे ट्रक ने पहले जेसीबी को टक्कर मारी और 100 मीटर तक घसीटा, इसके बाद कार और बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इस दुर्घटना में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। घटना मुलताई-छिंदवाड़ा मार्ग पर स्थित दुनावा गांव में शु वार सुबह की है। ट्रक छिंदवाड़ा की ओर से आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रक जेसीबी को करीब 100 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। जेसीबी का बकेट सड़क की ओर निकला हुआ था, जिससे हादसा और गंभीर हो गया। टक्कर के बाद ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे के दौरान पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल और एक कार भी ट्रक और जेसीबी की चपेट में आ गईं। दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। राहत की बात यह रही कि घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। यदि उस समय लोग या अन्य वाहन गुजर रहे होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसे स्थानीय निवासी लोकेश पंडोले ने रिकॉर्ड किया है। वीडियो में हादसे की गंभीरता साफ नजर आ रही है। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस मार्ग पर गति नियंत्रण के उपाय करने की मांग की है, ताकि आगे ऐसी घटनाएं न हों।

# मध्यप्रदेश हॉकी टीम में चयनित हुए 5 खिलाड़ी



- खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में दिखाई दी जिले की धमक
- टीम का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे प्रतिभा

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** एमपी हॉकी टीम में बैतूल जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन होने से खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है। 26 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ के रायपुर में आयोजित हो रहे पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में बैतूल जिले के खिलाड़ियों का जबरदस्त दबदबा देखने को मिल रहा है। इस प्रतियोगिता में बैतूल के पांच खिलाड़ी मध्य प्रदेश हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जो पूरे जिले के लिए गर्व का विषय बन गया है।

### इनका हुआ चयन

पुरुष वर्ग में पिंटू उईके, पलास कावरे और रोहित कुमरे का चयन हुआ है, जबकि महिला वर्ग में कुमारी भूमिका पांडरे और कुमारी देवश्री का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों का एक साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में उतरना यह साबित करता है कि जनजातीय क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें मंच मिलने की जरूरत थी। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 ने यह मंच प्रदान किया है और बैतूल के खिलाड़ी इस अवसर को पूरी ताकत के साथ भुनाने के लिए तैयार हैं।

### वरिष्ठ खिलाड़ी राकेश और रंजीत को मिली जिम्मेदारी

हॉकी इंडिया द्वारा बैतूल जिले के सीनियर हॉकी खिलाड़ी राकेश आथनकर और रंजीत यादव को इस प्रतियोगिता में ऑफिशियल के रूप में जिम्मेदारी दी गई है। यह सम्मान इस बात का संकेत है कि बैतूल का हॉकी खेल अब सिर्फ स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं रहा, राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना चुका है। खिलाड़ियों के चयन पर पूर्व खिलाड़ी प्रदीप खंडेलवाल, हॉकी संघ बैतूल के अध्यक्ष अक्षय वर्मा, सचिव जगेन्द्र सिंह तोमर, रमेश भाटिया, जिला खेल अधिकारी पूजा कुरील, विभाषवर्धन पांडे, देवेन्द्र पाटिल, सुधीर जैन, शैलेष गुबरेले, धर्मेन्द्र गोठी, मुकेश वर्मा सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

# गुल्लू और टाइगर की मौत से सदमे में परिवार

- पशु चिकित्सक के गलत इंजेक्शन देने से हुई मौत
- पूरे परिवार की आय का सहारा थे दोनों पालतू घोड़े

**चिचोली (राष्ट्रीय जनादेश)। गुल्लू और टाइगर दो ऐसे नाम थे जिन्हें हर कोई जानता था। शादी समारोह या फिर सार्वजनिक कार्यक्रमों में इनका खूब उपयोग किया जाता था। दोनों की वजह से ही परिवार की गाड़ी भी चल रही थी लेकिन दोनों घोड़ों को पशु चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगा दिया गया जिससे गुल्लू और टाइगर की मौत हो गई। उक्त आरोपी नगर के वार्ड क्रमांक 05, भीमपुर रोड निवासी संतोष यादव ने लागया है। उन्होंने बताया कि उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पीड़ित परिवार ने स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ. कैलाश चंद तंवर को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया है।**

### स्वस्थ्य थे गुल्लू और टाइगर

संतोष यादव के अनुसार, उनके स्वस्थ घोड़ों को केवल 'कृमि' (वार्म्स) की समस्या थी। उपचार के लिए बुलाए गए डॉ. तंवर ने कथित तौर पर मालिक की सलाह को नजरअंदाज कर दूसरा इंजेक्शन लगा दिया, जिससे घोड़ों की गर्दन में सूजन आ गई। स्थिति बिगड़ने पर एक घोड़े ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में जिला पशु चिकित्सालय बैतूल ले जाया गया।

### डॉक्टरों की आपसी बातचीत में खुलासा

बैतूल में इलाज के दौरान जब वहां की महिला डॉक्टर ने डॉ. तंवर से फोन पर चर्चा की, तब सामने आया कि 'हाईटेक' इंजेक्शन का 10 एमएल डोज दिया गया था। बैतूल के डॉक्टरों के अनुसार, यह डोज घोड़ों के लिए अत्यधिक (ओवरडोज) था। इलाज के दौरान दूसरे घोड़े की भी मृत्यु हो गई।

### परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट

पीड़ित परिवार को लगभग 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। ये घोड़े शादियों और धार्मिक कार्यक्रमों के जरिए परिवार के भरण-पोषण का एकमात्र जरिया थे। बैतूल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने पूरे वैदिक रीति-रिवाज के साथ दोनों घोड़ों का दाह संस्कार किया।

# बिजली बिल वसूली कर रहे कर्मचारी को पीटा

- भैंसदेही में 6645 रुपए के बकाया बिल पर विवाद

**भैंसदेही (राष्ट्रीय जनादेश)।** बिजली बिल वसूली करने गए एक आऊट सोर्स कर्मचारी को उपभोक्ता ने पीट दिया। इस मामले की शिकायत करने पर उपभोक्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। घटना भैंसदेही थाना क्षेत्र में 25 मार्च की बताई जा रही है। इसका वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। सहायक प्रबंधक दीपक सोलंकी की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 6645 रुपए बकाया था बिल

एफआईआर के मुताबिक, आउटसोर्स कर्मचारी शुभम लांडे, लाइनमैन पवन लिखितकर और अन्य कर्मचारी ग्राम बोरगांव डैम में बकाया बिल वसूली के लिए पहुंचे थे। उपभोक्ता तिलक बिसोने के यहां 6645 रुपए का बिजली बिल बकाया था, जिस पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई। आरोप है कि कार्रवाई से नाराज तिलक बिसोने ने कर्मचारियों से अभद्रता शुरू कर दी। उसने गाली-गलौज करते हुए शुभम लांडे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शासकीय कार्य में बाधा का मामला दर्ज

घटना के दौरान आरोपी ने कर्मचारियों के शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए उन्हें डराने-धमकाने का प्रयास किया। इससे कर्मचारी भयभीत हो गए और मानसिक तनाव में आ गए। वायरल वीडियो में पहले उपभोक्ता बिजली कर्मचारी को धमकाते हुए नजर आता है। इसके बाद कर्मचारी उसे पकड़ लेता है और दोनों के बीच हाथापाई शुरू हो जाती है। बाद में कर्मचारी उसे पकड़ने के लिए पीछे-पीछे जाता दिखाई देता है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद मामला और गरमा गया है। इस घटना ने बिजली विभाग के कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गंज, सारनी, गुदगांव, बोड़खी शराब दुकानों के लिए आए टेण्डर, आयुक्त की सहमति के बाद होंगे स्वीकृत

- जिले की 8 शराब दुकानें अभी भी अनसोल्ड

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** साल 2026-27 के लिए आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकानों की टेण्डर प्रक्रिया के आठवे चरण में शुक्रवार को 5 ग्रुप की 12 दुकानों में से 4 ग्रुप की चार एकल दुकानों के लिए टेण्डर आए है। इनमें शहर की बैतूल गंज क्रमांक दो और गुदगांव शराब दुकान के लिए एक-एक ई ऑक्शन आए है वहीं सारनी क्रमांक 2 और बोड़खी के लिए ई-टेण्डर के साथ ही ई-टेण्डर ऑक्शन भी आए है। आठवे चरण के लिए आबकारी विभाग द्वारा ऑफसेट प्राइज से 15 फीसदी तक कम के टेण्डर स्वीकार करने की सहमति दी थी। जिससे आठवे चरण में प्राप्त सभी ऑफर स्वीकृति के लिए आबकारी आयुक्त को भेजे जाएंगे। वहां से स्वीकृति मिलने पर ही ठेके दिए जाएंगे। आठवे चरण की टेण्डर प्रक्रिया के बाद भी जिले की 61 में से आठ शराब दुकाने अनसोल्ड है इनकी नीलामी के लिए शनिवार से 9वें चरण की टेण्डर प्रक्रिया शुरू होंगी।

जिला आबकारी अधिकारी डॉ. अशंमन चढ़ार ने बताया आठवे चरण की टेण्डर प्रक्रिया में जिले के 5 ग्रुप की 12 शराब दुकानों के टेण्डर आमंत्रित किए थे। आबकारी विभाग द्वारा ग्रुप के साथ ही ग्रुप में शामिल एकल शराब दुकानों के लिए भी टेण्डर देने और ऑफसेट प्राइज से 85 फीसदी तक टेण्डर लेने की सहमति दी थी। डॉ. चढ़ार ने बताया आठवे चरण में बैतूल गंज ग्रुप की बैतूल गंज क्रमांक 2 और भैंसदेही ग्रुप की गुदगांव शराब दुकानों के लिए एक-एक ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्राप्त हुए थे। वहीं बगडोना ग्रुप की सारनी क्रमांक 2 दुकान और आमल नं. 1 ग्रुप की बोड़खी शराब दुकान के लिए ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन आए थे। बैतूल गंज क्रमांक 2 के लिए एकमात्र ऑक्शन विनोद इंगले द्वारा 4 करोड़ 20 लाख रूपए का प्राप्त हुआ जो ऑफसेट प्राइज 4 करोड़ 90 लाख 44 हजार से 70 लाख 44 हजार रूपए कम का है। इसी प्रकार भैंसदेही ग्रुप की गुदगांव शराब दुकान के लिए रूद्रदेव सुरा ने 3.24 करोड़ रूपए का ऑफर दिया है जो ऑफसेट प्राइज 3 करोड़ 56 लाख 47 हजार 939 रूपए से 32 लाख 47 हजार 939 रूपए कम है।

फर्नीचर बेचना है



- एक लकड़ी का टेबल
- लकड़ी की 6 कुर्सी
- लोहे का डबल डेकर पलंग (हेवी)
- गोदरेज जैसी लोहे की 5 फीट वाली 3 अलमारी
- लकड़ी का बॉक्स वाला डबल बेड और एक दीवान

संपर्क करे : 9425002232









# ऑडिटोरियम में फाग गायन प्रतियोगिता आज

**▪ सभी भजन और गायन मंडलियों को किया आमंत्रित**

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ शहर में पहली बार फाग गायन प्रतियोगिता का आयोजन 28 मार्च शनिवार को किया जाएगा। होली मिलन समारोह 2026 के तहत टेंपल ऑफ म्यूजिक एंड आर्ट संगीत विद्यालय द्वारा यह आयोजन छत्रपति शिवाजी महाराज ओपन ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। आयोजकों ने जिलेभर की भजन और गायन मंडलियों को प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।*

### यह रखी है ईनामी राशि

*प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपये, द्वितीय 5001 रुपये और तृतीय 2001 रुपये रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद बैतूल दुर्गादास उइके उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, बबला शुक्ला और ममता उइके सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहेंगे। आयोजन की जिम्मेदारी नरेन्द्र नाथ गुरु, निशा नाथ, चौधरी श्रीश पटेल और जीत चौकीकर द्वारा निभाई जा रही है। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता के माध्यम से फाग गायन की परंपरा को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है।*

**होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू**

# भूकंप आपदा प्रबंधन पर आयुष अधिकारियों दिया प्रशिक्षण

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर भूकंप से निपटने की तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारियों के लिए पांच दिवसीय भूकंप आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन होमगार्ड लाइन सोनाघाटी में किया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य भूकंप पूर्व तैयारी को सुदृढ़ करना और चिकित्सा अधिकारियों की कार्यक्षमता में वृद्धि करना है, ताकि आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जा सकें।**



### आपदा में काम आता है प्रशिक्षण

कार्यशाला के दौरान अधिकारियों को भूकंप के समय राहत कार्यों के संचालन, घायलों के त्वरित उपचार और आपदा प्रबंधन के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें विभिन्न आपात परिस्थितियों में बेहतर समन्वय और प्रभावी कार्रवाई के लिए तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के क्षमतावर्धन कार्यक्रम भविष्य में आने वाली किसी भी आपदा के दौरान जान-माल के नुकसान को कम करने में सहायक साबित होंगे।

# श्री विनायकम स्कूल में नर्सरी से 8वीं तक के परिणाम घोषित

*__बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।__ सीबीएसई से मान्यता प्राप्त जिले के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान श्री विनायकम स्कूल में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के वार्षिक परीक्षा परिणाम उत्साह के साथ घोषित किए गए। छात्रों ने वर्षभर की मेहनत, अनुशासन और लगन का प्रदर्शन करते हुए बेहतर परिणाम हासिल किए। अभिभावकों ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन और छात्र-केंद्रित वातावरण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, मूल्य और जीवन कौशल भी सिखाए जाते हैं। विद्यालय के डायरेक्टर संजय राठौर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने अभिभावकों का आभार जताते हुए कहा कि विद्यालय हमेशा उत्कृष्ट शिक्षा और संस्कार देने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने 1 अप्रैल 2026 से नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के शुभारंभ की घोषणा की। 25 वर्षों की शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए स्कूल ने आने वाले सत्र में भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचार पर जोर देने की बात कही।*

# ग्रामीणों ने आयुष पद्धति से लिया उपचार

**▪ श्री शतचंडी महायज्ञ और राम कथा के दौरान हुआ आयोजन**

**बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।** आयुष विभाग द्वारा ग्राम जौलखेड़ा स्थित श्री उदासीन आश्रम राधाकृष्ण मठ मंदिर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ एवं राम कथा के दौरान निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर लगाया गया, जिसमें 206 लाभार्थियों ने आयुष पद्धति से उपचार और परामर्श प्राप्त किया।



### योग के बताए लाभ

शिविर का आयोजन जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर के निर्देशानुसार किया गया, जिसमें नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र वर्मा के मार्गदर्शन में आयुष विभाग के 15 अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवाएं दीं। शिविर में ग्रामवासियों को आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार प्रदान करने के साथ जीवनशैली, आहार, ध्यान और योग के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस दौरान योग प्रशिक्षक मोहित दातिर, झनकलाल निवारे और योग सहायक राज अदवारे ने रोगानुसार योग के लाभ बताए और योगाभ्यास भी कराया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार, धर्मप्रकाश जी महाराज एवं सरपंच पदमा कैलाश देशमुख की उपस्थिति रही। आयुष पद्धति के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर लाभ उठाया।

# जिलाध्यक्ष बने राजेश पाल

**▪ विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ ने की नियुक्ति**



**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ ने वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेश पाल को जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। महासंघ द्वारा यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समाज सेवा के प्रति समर्पण को देखते हुए की गई है।

यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल के निर्देशानुसार, प्रदेश अध्यक्ष केएस बागोरिया धनगर की सहमति और प्रदेश उपाध्यक्ष उदय पाल की अनुशंसा पर की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी पटेल धीरज पाल ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश पाल ने समाज को एकजुट कर संगठित रूप से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की जाएगी और जिला स्तर के साथ-साथ ब्लॉक तथा ग्रामीण स्तर पर भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। इन्होंने दी बधाई इस अवसर पर प्रदेश विधि सलाहकार एवं जिला प्रभारी दीपक पाल, विजय पाल, प्रशांत पाल, किशोर पाल, प्रकाश पाल, जगदीश पाल, राजेश पाल बा पाल, तुलसी पाल, अनिता पाल, सुनीता पाल, वैजयंती पाल, प्रमिला मोरे, लता पाल, सिया पाल, कविता पाल सहित अनेक लोगों ने बधाई दी। उल्लेखनीय है कि विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जनजाति महासंघ 52 जातियों के समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला संगठन है।

## सपा के आमला विस अध्यक्ष बने दिनेश यदुवंशी

*__बैतूल(राष्ट्रीय जनादेश)।__ समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संगठन विस्तार की दिशा में समाजवादी पार्टी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पार्टी ने किसान नेता दिनेश यदुवंशी को आमला विधानसभा अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के मार्गदर्शन में किया गया है, जिसे संगठन को मजबूती देने की दिशा में अहम माना जा रहा है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि इस नियुक्ति से आमला क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ेगा। साथ ही, समाजवादी पार्टी के जनाधार को विस्तार देने में भी यह निर्णय सहायक साबित होगा। नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष दिनेश यदुवंशी से अपेक्षा जताई गई है कि वे पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।*

# गायत्री शक्ति पीठ में मनाया रामनवमी पर्व

**▪ विश्व शांति के लिए किया जाएगा अखंड जाप**



**मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।** ताप्ती तट स्थित गायत्री शक्ति पीठ में नवरात्र का समापन कर साधकों के द्वारा धूमधाम से रामनवमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर पंचकुंडीय महायज्ञ, भंडारा प्रसादी सहित साधक महिलाओं के द्वारा गर्भ संस्कार कराया गया। गायत्री परिवार के रामदास देशमुख ने बताया कि इस अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ में विभिन्न अनुष्ठान किए गए जिसमें निर्मला चौधरी, मीरा देशमुख, मोहिनी सूर्यवंशी, निर्मला पंवार, योगेश साहू, मुख्य ट्रस्टी यादोराव निंबालकर एवं सुरेश माकोड़े सहित बड़ी संख्या में साधक महिलाएं शामिल हुई। उन्होने बताया कि आगामी 29 मार्च को गायत्री शक्ति पीठ में सूर्योदय से सूर्यास्त तक विश्व शांति के लिए अखंड जाप किया जाएगा साथ ही दीप यज्ञ कर विश्व शांति के लिए मानसिक आहुति दी जाएगी। समस्त गायत्री साधकों से इस अवसर पर अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की गई है।

# एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप ने जीती रोलिंग ट्रॉफी

**▪ मिस्टर-मिस एसबीआईटीएम बने प्रणय सोलंकी और रिया परिहार**

**▪ मिस्टर-मिस चार्मिंग बने हर्षद बांके और आर्या गुप्ता**

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)।** जिले के तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक सप्ताह से आयोजित वार्षिक महोत्सव आगाज-2026 का सफल समापन हुआ। अंतिम दिन आयोजित कल्चरल कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया।



### विजेताओं को बांटे पुरस्कार

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह ने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद सप्ताह भर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर प्रो. वी. के. पांडे, वाइस प्रिंसिपल प्रो. शशांक माने, अकादमिक डीन प्रो. भावेश खासदेव सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष और प्राध्यापक उपस्थित रहे। सप्ताह भर के खेलों में एक बार फिर एपीजे अब्दुल कलाम ग्रुप अजेय रहा और उसे एसबीआईटीएम की वार्षिक रोलिंग ट्रॉफी प्रदान की गई। ग्रुप के प्रभारी प्रो. हंसराज धाड़से और उनकी टीम को यह ट्रॉफी सौंपी गई।

### मिस्टर और मिस चुने गए

कल्चरल कार्यक्रम में प्रणय सोलंकी और रिया परिहार को मिस्टर और मिस एसबीआईटीएम चुना गया, जबकि हर्षद बांके और आर्या गुप्ता को मिस्टर और मिस चार्मिंग का खिताब मिला। कार्यक्रम के अंत में कल्चरल प्रभारी प्रो. ललित आर्य और खेल प्रभारी प्रो. संदीप करौले ने सभी हाउस इंचार्ज, टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। विशेष रूप से प्रो. अनिरुद्ध दारुड़कर, प्रो. हेमंत दवंडे और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना की गई।

कार्यक्रम का संचालन प्रो. हंसराज धाड़से और प्रो. सोनाली राठौर ने किया। आयोजन में प्रो. रवि कुमार मोहने, प्रो. मीना सुने, प्रो. पुष्पा मोंगरकर और प्रो. सौरभ राठौर का भी विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और पूरे आयोजन को उत्साहपूर्ण बनाया।

# विधायक ने वन सुरक्षा समिति को वितरित की टेंट सामग्री

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)।** उत्तर बैतूल वनमंडल के भौंरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन सुरक्षा समिति खापा के तत्वावधान में सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम समिति को प्राप्त काष्ठ लाभांश राशि के 25 प्रतिशत भाग से क्रय की गई टेंट सामग्रियों के वितरण हेतु आयोजित किया गया। समिति द्वारा पूर्व में आयोजित बैठक में प्रस्ताव पारित कर टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से टेंट सामग्री खरीदी गई थी। उक्त सामग्री का वितरण क्षेत्रीय विधायक गंगा उईके की उपस्थिति में किया गया।



### जंगल को आग से बचाने का दिया संदेश

कार्यक्रम के दौरान वन परिक्षेत्र अधिकारी ब्रजेन्द्र तिवारी (भौंरा) ने विधायक को वन परिक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न समितियों द्वारा क्रय की गई सामग्रियों की जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम धारनमऊ की चिटोरा नृत्य मंडली ने आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसमें महुआ सीजन के दौरान जंगलों में आग न लगाने का संदेश दिया गया। विधायक गंगा उईके एवं वन अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को जंगलों में आग न लगाने के प्रति जागरूक करते हुए संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में सरपंच झापडी रामप्रसाद काजले, वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष शारदा हरिराम यादव, परिक्षेत्र सहायक कमलेश चौहान (झापड़ी), मूलशंकर परते (भौंरा), बीट प्रभारी अमित मिश्रा (भौंरा), मारुति पाल (मानसिंगपूरा), संजय यादव (धार), सौरभ सिरोठिया (कछार), कमल किशोर कुमरे (कोयलबुद्दी), मेघराज यादव (झपड़ी), सुनील रघुवंशी (धारनमऊ) एवं सतीश पिपले (खापा) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं समिति सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# शिक्षकों ने किया टीईटी परीक्षा का विरोध

**▪ प्रशासन से परीक्षा नहीं लेने की लगाई गुहार**



**आठनेर (राष्ट्रीय जनादेश)।** सरकार भविष्य में टीईटी परीक्षा लेकर के शिक्षकों का नहीं बल्कि शिक्षकों के परिवार और समाज का अपमान करने जा रही है सरकार के नियमों व उस समय के मानदंडों को पूरा कर 25 से 30 वर्ष की निष्कलंक सेवा पूरी करने वाले प्रदेश व जिले के शिक्षकों को एक बार फिर परीक्षा उत्तीर्ण करना होगा नहीं तो अनिवार्य सेवानिवृत्ति दे दी जाएगी। लोक शिक्षण संचालनालय के ऐसे तुगलकी आदेश से जिले के शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक संगठनों का आरोप है कि ऐसे दिग्भ्रमित करने वाले आदेश से शिक्षक परीक्षा में पास नहीं होने के डर से परिवार सहित मानसिक प्रताड़ना से गुजर रहें हैं। इसके विरोध में गुरुवार को आम अध्यापक शिक्षक संघ के नेतृत्व में जिला प्रशासन से परीक्षा नहीं करने की मांग को लेकर पुरजोर विरोध किया गया। संगठन के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे ने कहा कि यदि सरकार उच्च न्यायालय में पुनः याचिका दायर करे तो न्याय के नैसर्गिक के साथ शिक्षकों को लाभ मिल सकेगा। यदि ऐसा नहीं हुआ तो परिवार के पालन पोषण का कोई उपाय नहीं है। इससे अच्छा तो सरकार इच्छा मृत्यु की अनुमति दे। क्रमोन्नति में हो रही देरी व अभी तक क्रमोन्नति नहीं मिलने पर भी शिक्षकों ने भारी नाराजगी व्यक्त की गई। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, संतोष कुमार जौनजारे, सुनिता चिमोटे, राजेश कुमार जसुत्तकर, उषा कोसे, मुन्नालाल पटवारी, विनीता वाल्के, राजेश बेले, सांता गोके, अजबराव चौकीकर, गीता कालभोर, संध्या डोंगरे, अनीता मेज, भूपेंद्र सोनी, संजय खंडागरे, लखन लाल बुवाडे आदि मौजूद थे।

**रामनवमी पर गूंजे वैदिक मंत्र से सराबोर हुआ वातावरण**

# रामनवमी पर किया गुरुदक्षिणा-समर्पण कार्यक्रम

**बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के प्राकट्य पर्व रामनवमी एवं योगऋषि स्वामी रामदेव के संन्यास दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास, बैतूल के गंज स्थित जिला कार्यालय में योग, यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा-समर्पण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिला समिति द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में नियमित योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से गूंजायमान रहा।**



### हवन यज्ञ कर डाली आहूतयां

जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज ने वर्ष 1995 में रामनवमी के पावन अवसर पर मात्र 29 वर्ष की आयु में संन्यास दीक्षा ग्रहण की थी। इसी पावन अवसर पर पतंजलि योगपीठ द्वारा प्रतिवर्ष रामनवमी को संन्यास दीक्षा महोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। जिसमें योग, यज्ञ एवं गुरुदक्षिणा- समर्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों ने वैदिक ऋचाओं के सस्वर पाठ के बीच हवन-यज्ञ में श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कीं। राष्ट्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना के साथ सामूहिक आहुति दी गई, जिससे वातावरण में सकारात्मकता का संचार हुआ।

### सभी ने किया योगाभ्यास

पतंजलि युवा भारत के जिला प्रभारी हितेश पटेल ने विधि-विधानपूर्वक यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराते हुए भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। वहीं कोषाध्यक्ष विनोद परिहार ने स्वामी रामदेव के तप, त्याग एवं राष्ट्रसेवा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों ने नियमित योगाभ्यास, संस्कारित जीवनशैली अपनाने एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर योग शिक्षिका ज्योति देशमुख, तहसील प्रभारी संतोष तोमर, लोकेश वर्मा, सुनील मेसरे, मिश्रीलाल डडोरे, नर्मदा प्रसाद साहू, श्रीकांत वर्मा सहित हनुमान मंदिर, गर्ग कॉलोनी के सभी योग साधक उपस्थित रहे।

### विजय भवन में निःशुल्क योग कक्षा प्रारंभ

योग शिक्षक हितेश पटेल ने बताया कि गंज स्थित विजय भवन में बीते एक सप्ताह से संचालित नियमित योग कक्षा का विधिवत शुभारंभ रामनवमी के दिन किया गया। अब प्रतिदिन कक्षा प्रातः 5:30 से 7:00 बजे तक निःशुल्क संचालित की जाएगी। उन्होंने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील की।

# गेहूं के की फसल में लगी आग

**▪ किसान को हुआ बड़ा नुकसान**



*__मुलताई (राष्ट्रीय जनादेश)।__ एक एकड़ में लगी गेहूं की फसल में आग लग जाने से किसान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। आग मुलताई ब्लाक के ग्राम हिवरखेड में शुक्रवार दोपहर 1 बजे लगी। यह खेत गांव निवासी धनराज कुंभारे और अल्कु कुंभारे का बताया जा रहा है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर के समय खेत से धुआं उठता देखा गया, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास के खेतों के लिए भी खतरा पैदा हो गया।*

### ग्रामीणों ने आग पर पाया काबू

*घटना की सूचना मिलते ही गांव के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने पानी, मिट्टी और हरी टहनियों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की। उनकी सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से आग को कुछ हद तक नियंत्रित किया जा सका, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। लेकिन तब तक एक एकड़ में खड़ी गेहूं की पूरी फसल जल चुकी थी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसी दौरान आग पास के एक अन्य खेत की ओर भी बढ़ने लगी, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग बुझाने का कार्य लगातार जारी है। ग्रामीणों और प्रशासन की संयुक्त कोशिशों से आग पर पूरी तरह काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है।*

# महिला आरक्षण बदलेगा तस्वीर, प्रदेश में होंगी 114 महिला विधायक और 14 सांसद

■ 29 मार्च को संसद में पेश हो सकता है नारी शक्ति वंदन अधिनियम



भोपाल (ब्यूरो)। महिला आरक्षण से मध्यप्रदेश की राजनीतिक तस्वीर पूरी तरह से बदलने वाली है। प्रदेश में वर्ष 2029 में जो लोकसभा चुनाव होंगे वे 29 नहीं बल्कि 43 सीटों के लिए हो सकते हैं। जिनमें से 14 सांसद महिलाएं होंगी। इसी तरह मध्यप्रदेश विधानसभा की कुल सीटें 230 से बढ़कर 345 हो जाएंगी और इनमें से 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह वर्तमान महिला विधायकों की संख्या से चार गुना से ज्यादा है। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण देने वाले 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर केंद्र सरकार एक बड़ा संशोधन लाने की तैयारी में है। पहले इस कानून को जनगणना 2027 के बाद लागू करने की तैयारी थी, लेकिन अब इसे जनगणना और परिसीमन की मौजूदा शर्त से अलग करके पहले लागू करना है। बताया जा रहा है कि यह महत्वपूर्ण बिल 29 मार्च को संसद में पेश किया जा सकता है। यह संशोधन विधेयक यदि पारित होता है, तो मध्य प्रदेश की सियासी तस्वीर पूरी तरह से बदल जाएगी। इस बदलाव से न केवल महिला जनप्रतिनिधियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी, बल्कि सीटों के गणित से लेकर सरकार बनाने के समीकरण और कैबिनेट के आकार तक सब कुछ बदल जाएगा।

## अधिनियम में यह हैं प्रमुख प्रावधान

पिछले साल संविधान के 106वें संशोधन के रूप में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' लोकसभा और सभी राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित करने का प्रावधान करता है। इस कानून में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण न होकर, उन्हें कुल आरक्षित सीटों के भीतर ही कोटा दिया गया है।

## पहले जनगणना का करना था इंतजार

मूल कानून में यह शर्त थी कि इसे अगली जनगणना और उसके बाद होने वाले परिसीमन के बाद ही लागू किया जाएगा, जिसमें काफी समय लग सकता था। अब प्रस्तावित संशोधन इसी 'इंतजार' को खत्म करने का एक रास्ता है। सरकार का मानना है कि 2021 में होने वाली जनगणना कोविड के कारण पहले ही लंबित है, और इस प्रक्रिया में और देरी हो सकती है।

## सीटों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी

2011 के जनगणना आंकड़ों को आधार मानकर ही सीटों का परिसीमन कर दिया जाए। इसके तहत सभी राज्यों में लोकसभा और विधानसभा की सीटों में 50% की वृद्धि का प्रस्ताव है, जिससे बढ़ी हुई सीटों पर आरक्षण आसानी से लागू किया जा सके।

## इस तरह बदलेगी मध्यप्रदेश की तस्वीर

संशोधन का असर मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों पर पड़ेगा। लोकसभा से लेकर विधानसभा तक सीटों का गणित बदल जाएगा। साथ ही विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा। प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं, जिनमें 6 महिला सांसद हैं। इन 29 सीटों में 20 अनारक्षित, 4 एससी और 5 एसटी के लिए आरक्षित हैं। महिला आरक्षण बिल में संशोधन के बाद सीटों की संख्या में 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी यानी मप्र में लोकसभा की कुल 43 सीटें होंगी। 33 फीसदी के हिसाब से 43 में से 14 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस बदलाव से केंद्र सरकार में मध्य प्रदेश की भागीदारी और राजनीतिक वजन दोनों बढ़ेगा। अधिक सांसद होने से राज्य अपनी मांगों और मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर और मजबूती से रख पाएगा।

## विधानसभा की इस तरह बदलेगी स्थिति

मध्य प्रदेश विधानसभा में 230 सीटें हैं, जिनमें बहुमत का आंकड़ा 116 है। वर्तमान में 27 महिला विधायक हैं। संशोधन के बाद 50% बढ़कर 345 हो जाएंगी। वहीं 33 फीसदी आरक्षण के हिसाब से देखे तो 345 में से 114 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह मौजूदा महिला विधायकों की संख्या से चार गुना से भी ज्यादा है। विधानसभा का आकार बढ़ने के साथ ही सरकार बनाने के लिए जादुई आंकड़ा भी बदल जाएगा। किसी भी दल को पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए 345 में से कम से कम 174 सीटें जीतनी होंगी।

## इस तरह से तय होंगी आरक्षित सीटें

महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित तय करने के लिए वर्तमान मसौदे में कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन इस संबंध में दो संभावनाएं जताई जा रही हैं। पहली लॉटरी सिस्टम की, जिसमें नगरीय निकायों और पंचायतों की तरह लॉटरी निकालकर सीटों का आरक्षण तय किया जा सकता है। वहीं दूसरी संभावना महिला जनसंख्या का आधार हो सकती है। जिन सीटों पर महिला मतदाताओं का अनुपात अधिक हो, उन्हें आरक्षित किया जा सकता है। हालांकि, जानकार लॉटरी सिस्टम की संभावना को अधिक बल दे रहे हैं क्योंकि अधिकांश सीटों पर महिला-पुरुष वोटर का अनुपात लगभग बराबर होता है।

## ■ स्थायी नहीं रहेंगी आरक्षित सीटें

इससे भी बड़ा राजनीतिक पेंच 'रोटेशन सिस्टम' का है। आरक्षित सीटें स्थायी नहीं रहेंगी, बल्कि हर पांच साल बाद बदलती रहेंगी। इसे इस उदाहरण से समझ सकते हैं। साल 2029 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश की जो 14 लोकसभा सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, वे 2034 के चुनाव में अनारक्षित हो सकती हैं और उनकी जगह किन्हीं दूसरी 14 सीटों को आरक्षित किया जाएगा। इसका मतलब है कि हर चुनाव में एक-तिहाई सीटों पर मौजूदा सांसदों का टिकट कटना लगभग तय हो जाएगा या उन्हें अपनी सीट बदलनी पड़ेगी। यही फॉर्मूला विधानसभा में भी लागू होगा। यह स्थिति राजनीतिक दलों और दशकों से एक ही सीट पर राजनीति कर रहे नेताओं के लिए एक बड़ी चुनौती पैदा करेगी।

# डॉ. हेडगेवार महानाट्य में कलाकारों ने किया अभिनय

■ इतिहास के प्रमुख प्रसंगों को मंच पर किया गया जीवंत

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर जयवंती हाक्सर महाविद्यालय के अटल सभागार में युगप्रवर्तक डॉ. हेडगेवार महानाट्य का सफल मंचन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग, भोपाल द्वारा किया गया, जिसमें संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ. हेडगेवार के जीवन और विचारों पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुति दी गई।*

## यह रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में जिला संघचालक बुधपाल काकोडिया, भारत भारती शिक्षा समिति के सचिव मुकेश खंडेलवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह तथा नादब्रह्म नागपुर के रविंद्र सहस्त्रबुद्धे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जानकारी संस्कार भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांतीय महामंत्री मोतीलाल कुशवाह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।*

## सजीव दी प्रस्तुति

*महानाट्य के निर्माता पद्माकर धानोरकर और लेखक अजय प्रधान ने प्रस्तुति को सजीव रूप दिया। नाट्य में महात्मा गांधी, लोकमान्य तिलक और महर्षि अरविंद से डॉ. हेडगेवार के संवादों के माध्यम से उस दौर की राजनीतिक परिस्थितियों और विचारधाराओं को दर्शाया गया। इसमें कांग्रेस की नीतियों, पूर्ण स्वराज्य के प्रस्ताव, मोपला कांड तथा हिंदू समाज के संगठन की आवश्यकता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।*

## भावपूर्ण रहा प्रसंग

*नाटक में संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को नागपुर में विजयादशमी के दिन मोहिते के बाड़े में होने का प्रसंग भी दिखाया गया। साथ ही नेताजी सुभाषचंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नागपुर आगमन और हेडगेवार से मुलाकात को भी दर्शाया गया। अंत में हेडगेवार के स्वास्थ्य गिरने और माधवराव गोलवलकर को संघ की जिम्मेदारी सौंपने का प्रसंग भावपूर्ण रहा।*

## इन्होंने निभाई भूमिका

*नादब्रह्म नागपुर की इस प्रस्तुति में सतीश खेडाले ने डॉ. हेडगेवार, अमोल तेलपांडे ने गुरुजी, प्रशांत मांगडे ने गांधीजी और मंगेश बावसे ने लोकमान्य की भूमिका निभाई, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में संस्कार भारती बैतूल के महामंत्री योगेंद्र ठाकुर, यश कुशवाह, प्रताप धुर्वे, अंबादास सूने, श्याम म्हस्की, अतुल देशपांडे, राघवेंद्र सिसोदिया सहित कई सदस्य मौजूद रहे।*

# केवि के विद्यार्थियों ने वृद्धाश्रम-शिशु गृह में किए सेवा कार्य

■ वृद्धजनों को तिलक लगाकर लिया आशीर्वाद, सामग्री की भेंट

बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बैतूल में शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में गुरुवार 26 मार्च को दुर्गाष्टमी के अवसर पर विशेष सामाजिक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य आर. एन. पांडेय के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ, जिसमें प्राचार्य, स्टाफ, अभिभावक और स्काउट-गाइड के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से भाग लिया।

विद्यालय परिवार ने सेवा भारती द्वारा संचालित आनंद धाम वृद्धाश्रम संस्थान बैतूल और मातृ छाया शिशु संस्थान दादावाड़ी बैतूल का भ्रमण किया। वृद्धाश्रम पहुंचकर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने वहां रह रहे बुजुर्गों को तिलक लगाकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान विद्यालय की ओर से दो कूलर, 50 लीटर की



स्टील पानी की टंकी, एक प्रेशर कुकर और बर्तन रखने के लिए एक स्टैंड भेंट किया गया।

इसके बाद दल ने मातृ छाया शिशु संस्थान का भी दौरा किया, जहां जरूरतमंद बच्चों को कपड़े, कॉपियां, पुस्तकें, क्रेयॉन कलर्स और पेंसिल बॉक्स सहित अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की गई। बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान ने इस सेवा कार्य को और भी सार्थक बना दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक तपन श्रीवास्तव, अर्पिता हजारे, सीमा साहू और स्काउट गाइड शिक्षक गयादीन बनखेड़े सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विद्यालय परिवार ने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया और दोनों संस्थाओं के प्रबंधन की सराहना की।

# 1 अप्रैल से झटका मारेगी प्रदेश में बिजली, दरें 4.80 प्रतिशत बढ़ीं

जबलपुर(राष्ट्रीय जनादेश)। मध्य प्रदेश में बिजली की दरों में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी गई है। नए रेट एक अप्रैल से लागू होंगे। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नया टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, इस बार घरेलू, गैर-घरेलू, औद्योगिक और कृषि सभी श्रेणियों के लिए अलग-अलग दरें तय की गई हैं। नए टैरिफ आदेश में लो टेंशन उपभोक्ताओं को राहत मिली है, जिनके लिए न्यूनतम शुल्क समाप्त कर दिया गया है। इससे छोटे और कम खपत वाले



■ दिन में ईवी चार्ज पर 20 प्रतिशत छूट

उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ कम होने की उम्मीद है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पहले की तरह स्लैब सिस्टम लागू रहेगा, जिसमें कम खपत पर कम और अधिक खपत पर ज्यादा दर से बिल लिया जाएगा। वहीं, गैर-घरेलू उपभोक्ताओं के लिए लोड और खपत के आधार पर रेट लगेगा। इंडस्ट्रियल कस्टमर के लिए स्थायी शुल्क और ऊर्जा शुल्क अलग-अलग तय किए गए हैं जबकि कृषि उपभोक्ताओं को चरणबद्ध दरों के अनुसार बिजली उपलब्ध कराई जाएगी।

इलेक्ट्रिक व्हीकल को बढ़ावा देने के लिए भी नए टैरिक आदेश में विशेष प्रावधान किए गए हैं। ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली उपयोग पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी जबकि अन्य समय में 20 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क देना होगा।

# गोंगपा का आमला बंद 21 अप्रैल को

■ लादी-सारणी सड़क निर्माण की मांग लेकर होगा प्रदर्शन

*आमला (राष्ट्रीय जनादेश)। लादी-सारणी सड़क निर्माण की मांग अब क्षेत्र में तूल पकड़ती जा रही है। कई बार के प्रदर्शनों और प्रशासनिक उपेक्षा के बाद अब गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने आगामी 21 अप्रैल को आमला बंद का आह्वान करते हुए महाआंदोलन की रणनीति तैयार की है। इस संबंध में 23 मार्च को ही आमला थाने में सूचना दे दी गई है।*



## एफआईआर वापस लेने की मांग

*गोंगपा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद प्रशासन सड़क निर्माण को लेकर गंभीर नहीं है। इसके विपरीत, अपनी मांगों के लिए आवाज उठाने वाले निर्दोष ग्रामीणों पर पुलिस ने मामले दर्ज कर दिए हैं। पार्टी की प्रमुख मांग है कि इन ग्रामीणों पर से एफआईआर तुरंत वापस ली जाए, अन्यथा आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।*

## पुतला दहन करेगी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी

*गोंगपा के जिलाध्यक्ष चितुलाल उइके और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष पिंकेश धुर्वे ने कड़े शब्दों में कहा कि प्रशासन जनता की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में कुछ लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया। इसी के विरोध में 21 अप्रैल को प्रदर्शन के दौरान शासन-प्रशासन का पुतला फूंका जाएगा।*

## व्यापारियों से मांगा जाएगा समर्थन

*पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि आमला ब्लॉक की मूलभूत समस्याओं और सड़क निर्माण जैसी प्रमुख मांगों को लेकर यह बंद बुलाया गया है। गोंगपा कार्यकर्ता जल्द ही शहर के सभी व्यापारी बंधुओं से व्यक्तिगत मुलाकात करेंगे और इस बंद को सफल बनाने के लिए जनहित में उनका सहयोग और समर्थन मांगेंगे।*

# विधिक साक्षरता शिविर कल

*बैतूल (राष्ट्रीय जनादेश)। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल के मार्गदर्शन में 29 मार्च को सुबह 11 बजे से शिवाजी चौक स्थित ओपन ऑडिटोरियम में वृहद विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल सचिव श्रीमती शर्मिला बिलवार ने नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं।*

# 28 पंचायतों में पहुंचे विधायक के दिए फायर फाइटर टैंकर

■ आग बुझाने से लेकर पौधों की सिंचाई करने में भी है उपयोगी
■ बिजली गुल होने के बाद भी सोलर सिस्टम से करते रहेंगे काम

**शाहपुर (राष्ट्रीय जनादेश)। गर्मी के मौसम में बढ़ते पेयजल संकट और ग्रामीण अंचलों में आगजनी जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए क्षेत्र में एक बहुउद्देश्यीय पहल की गई है। बुधवार को विधायक निवास भौंरा में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने विधायक निधि से तैयार कराए गए फायर फाइटर युक्त वाटर टैंकर 28 ग्राम पंचायतों को वितरित किए। खास बात यह है कि इन टैंकरों को केवल पानी ढोने तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि इन्हें इस तरह विकसित कराया गया है कि ये गांवों की कई जरूरतों को एक साथ पूरा कर सकें। कार्यक्रम में विधि-विधान से टैंकरों का पूजन कर विधायक ने हरी झंडी दिखाकर इन्हें पंचायतों के लिए रवाना किया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मालवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।**





## जरूरतों के अनुरूप कराए तैयार

इन टैंकरों में फायर फाइटर इंजन और स्प्रिंकलर सिस्टम विधायक द्वारा अलग से लगवाया गया है। इसे इस तरह डिजाइन कराया गया है कि यह केवल आग बुझाने में ही नहीं, बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में पानी की आपूर्ति, गांवों में पौधारोपण के बाद पेड़ों की सिंचाई, सड़कों पर धूल नियंत्रण और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई जैसे कार्यों में भी उपयोगी साबित हो सके।

इसके साथ ही टैंकरों में सोलर ऊर्जा आधारित प्लेट भी लगाई गई है, जिससे बिजली नहीं होने की स्थिति में भी यह सिस्टम निर्बाध रूप से कार्य करता रहेगा। ग्रामीण अंचलों में जहां फायर ब्रिगेड की तत्काल उपलब्धता नहीं होती, वहां ये टैंकर पहली प्रतिक्रिया के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## गांव-गांव में मिलेगा बहुउपयोगी लाभ

धपाड़ा, झोली, बंजारीढाल, बांसपुर, मर्दवानी, आमढ़ाना, पीसाजोड़ी, पाढर, रामपुर, शक्तिगढ़, सातलदेही, चोपना, गोपीनाथपुर, बांसपानी, मलाजपुर, चूड़िया, चूनाहजूरी, गोधना, तारमखेड़ा, बीजादेही, कछार, कुण्डी, केसिया, भौंरा, पहावाड़ी, सालीमेट, तारा और टांगनामाल जैसे गांवों में ये टैंकर अब नियमित उपयोग में आएंगे। इन क्षेत्रों में गर्मी के दौरान पानी की कमी के साथ-साथ खेत-खलिहानों और जंगल से लगे इलाकों में आग लगने की घटनाएं भी सामने आती रही हैं, ऐसे में यह पहल राहत का आधार बनेगी।

## आगजनी पर पाया जा सकेगा नियंत्रण

विधायक गंगा सज्जन सिंह उईके ने कहा कि इन टैंकरों को क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार कराया गया है। हमने प्रयास किया है कि एक ही संसाधन से गांवों की कई समस्याओं का समाधान हो सके। ये टैंकर पेयजल उपलब्ध कराने के साथ-साथ आगजनी पर नियंत्रण, पौधों की सिंचाई और अन्य आवश्यक कार्यों में भी उपयोगी रहेंगे। इससे ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और आपात स्थिति में त्वरित मदद सुनिश्चित हो सकेगी।

## राहत के साथ सुरक्षा की दिशा में कदम

यह पहल केवल सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण सुरक्षा और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में भी एक ठोस कदम मानी जा रही है। एक ही टैंकर के माध्यम से पेयजल, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे कार्यों को जोड़कर क्षेत्र में विकास का एक व्यावहारिक मॉडल प्रस्तुत किया गया है।